


# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 138 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 17 फरवरी 2026 डाक 18 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
मणिपुर के सिविल सोसाइटी ऑर्गनाइज़ेशन के सदस्यों ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की...



**देश-विदेश**
मेहनत की कमाई गंवाने वालों की रक्षा करे सरकार साइबर अपराध पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी



**फीचर पेज**
गलत मुद्रा में सोने से गर्दन में अकड़न आ गई? इन तरीकों से करें ठीक




### जल जीवन मिशन घोटाले में एसीबी का बड़ा एक्शन

# रिटायर्ड आईएएस सुबोध अग्रवाल समेत 15 ठिकानों पर रेड, 9 हिरासत में



**जयपुर, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

राजस्थान के बहुचर्चित 900 करोड़ के जल जीवन मिशन घोटाले में एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रिटायर्ड आईएएस सुबोध अग्रवाल सहित 4 राज्यों के 15 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। इस दौरान 9 रसूखदार हिरासत में लिए गए हैं। राजस्थान के बहुचर्चित जल जीवन मिशन घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार सुबह प्रदेशव्यापी स्ट्राइक की है। डीआईजी रामेश्वर सिंह के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम ने भ्रष्टाचार की जड़ों को खोदने के लिए एक साथ जयपुर, दिल्ली, बाड़मेर, सीकर, जालौर सहित बिहार और झारखंड के 15 से अधिक ठिकानों पर धावा बोला है।

इस कार्रवाई का सबसे बड़ा केंद्र पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव और रिटायर्ड आईएएस सुबोध अग्रवाल के संभावित ठिकाने रहे हैं। माना जा रहा है कि मिशन के दौरान हुए करोड़ों के फर्जीवाड़े की कड़ियां सीधे उच्च प्रशासनिक स्तर से जुड़ी हुई हैं।

सुबह की पहली किरण के साथ ही एसीबी की अलग-अलग टीमों ने संदिग्धों के आवास और कार्यालयों को घेरे में ले लिया। सिर्फ छापेमारी ही नहीं, बल्कि एसीबी ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए कई रसूखदारों को हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक, भ्रष्टाचार के इस जाल में शामिल अधिकारियों और ठेकेदारों से गहन पूछताछ की जा रही है। हिरासत में लिए गए लोगों के नाम केडी गुप्ता, सुशील शर्मा, डीके गौड़, महेंद्र सोनी, विशाल सक्सेना, दिनेश गोयल, शुभांशु दीक्षित, अरुण श्रीवास्तव और निरिल कुमार हैं। इन सभी से अज्ञात स्थानों पर पूछताछ की जा रही है, जिससे बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। इससे पहले एसीबी ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों के ठेके बांटने के मामले में पीएचईडी के तीन अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने नियमों को ताक पर रखकर चहेती कंपनियों को फायदा पहुंचाया और सरकार की तिजोरी में सेंध लगाई। एसीबी ने जांच रिपोर्ट के आधार पर जिन बड़े चेहरों को नामजद किया है, उनमें तत्कालीन मुख्य अभियंता (विशेष परियोजना) दिनेश गोयल, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता (अजमेर), जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं महेंद्र प्रकाश सोनी और अधिशासी अभियंता (परियोजना खंड, मांडल, भीलवाड़ा) सिद्धार्थ टांक शामिल हैं।

जल जीवन मिशन घोटाला राजस्थान का एक बड़ा भ्रष्टाचार मामला है, जिसमें हर घर जल योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में नल कनेक्शन देने के नाम पर 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की हेराफेरी की गई। इस घोटाले में ठेकेदारों ने पीएचईडी विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर बड़े टेंडर हासिल किए और घटिया क्वालिटी के पाइपों का इस्तेमाल कर सरकारी खजाने को भारी चपत लगाई। जांच में सामने आया कि कई जगहों पर बिना काम किए ही करोड़ों के भुगतान उठा लिए गए, जिसकी आंच अब पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल जैसे बड़े प्रशासनिक अधिकारियों और रसूखदार ठेकेदारों तक पहुंच गई है. इसी कड़ी में एसीबी और ईडी लगातार छापेमारी कर रही हैं।

### एआई इंपैक्ट समिट का दूसरा दिन

# पीएम मोदी ने लोगों के हित के लिए टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर दिया जोर




**नईदिल्ली 17 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दूसरे दिन लोगों के हित के लिए साइंस और टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर जोर दिया। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, बुद्धिमत्ता, तर्कशीलता और निर्णय-क्षमता विज्ञान और टेक्नोलॉजी को जन-जन के लिए उपयोगी बनाती हैं। India AI Impact Summit का उद्देश्य भी यही है कि कैसे एआई का इस्तेमाल सर्वजन के हित में हो। पीएम मोदी की पोस्ट में शुश्रूषा श्रवणं चैव ग्रहणं धारणं तथा। ऊहापोहोऽर्थविज्ञानं तत्त्वज्ञानं च धीगुणाः॥ एक संस्कृत श्लोक भी था, जिसका मतलब था सुनने की इच्छा, ध्यान से सुनना, समझना, याद रखना, तर्क करना, फैसला लेना, मतलब समझना और सिद्धांतों का ज्ञान ये सभी बुद्धि के गुण हैं और बुद्धि की नींव बनाते हैं। सोमवार को समिट के पहले दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्सपो के उद्घाटन के दौरान जिम्मेदार और सबको साथ लेकर चलने वाले एआई के लिए भारत के कमिटमेंट पर जोर दिया। इसके बाद उन्होंने स्टार्टअप्स, रिसर्चर्स और टेक्नोलॉजी लीडर्स समेत एग्जिबिटर्स से बातचीत की, जिन्होंने अलग-अलग सेक्टर्स में एआई एप्लीकेशन्स दिखाए। प्रधानमंत्री मोदी 19 फरवरी को उद्घाटन भाषण देंगे, जिसमें वे दुनिया भर में सहयोग बढ़ाने और सबको साथ लेकर चलने वाली, भरोसेमंद और विकास पर ध्यान देने वाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए भारत के विजन को आगे बढ़ाने की बात करेंगे। तेरह देश एआई इकोसिस्टम में इंटरनेशनल सहयोग दिखा रहे हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीकी देशों की भागीदारी शामिल है।

## बेटे के खिलाफ हुए परिजन पेट्रोल से जिंदा जलाने की कोशिश

**जशपुर।** जमीन बिक्री में हिस्से की राशि मांगने पर हुए परिवारिक विवाद में पिता ने अपने ही बेटे पर पेट्रोल डाल आग लगाकर जान से मारने की कोशिश की। इस कोशिश में मां और भाई ने भी साथ दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नारायणपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर में रहने वाली 25 वर्षीय प्रार्थियां कामना भगत पति कोशल राम ने नारायणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसके ससुर शिवशंकर यादव द्वारा दो वर्ष पूर्व जमीन बिक्री किया गया था, जिसमें उसके पति कौशल यादव उम्र 30 वर्ष द्वारा अपने हिस्से की मांग जाती थी। जिससे क्षुब्ध होकर उसके ससुर शिव शंकर यादव, सास चन्द्रमुनी भगत एवं देवर अंकुश भगत एक राय होकर गाली-गलौज कर उसके पति के साथ मारपीट किए हैं।

## मंत्री अनिल विज के साथ हादसा, घर में गिरने के बाद दोनों पैरों में फ्रैक्चर



**अंबाला, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज सोमवार को आपने आवास पर गिर गए हैं, जिससे उनके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। चोट लगने के बावजूद विज 'चल री सजनी अब क्या सोचेज' गुनगुनाते रहे। 20 फरवरी से हरियाणा विधानसभा का सत्र शुरू होना है। हर बार सदन में अपने तेवरों और बेबाक बयानों से सुर्खियों में रहने वाले विज इस बार शायद सदन में नजर न आएं। डॉक्टरों की सलाह को देखते हुए माना जा रहा है कि वे सत्र में शामिल नहीं हो पाएंगे। फिलहाल समर्थक उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं, जबकि खुद विज ने अपने अंदाज से साफ कर दिया है कि हौसला अब भी बुलंद है। विज विधानसभा सत्रों में कभी भी अनुपस्थित नहीं रहे। हाल ही में कैथल में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री अनिल विज और एसपी उपासना के बीच एएसआई संदीप के निलंबन को लेकर तीखी बहस हुई थी।

विज ने तत्काल निलंबन का आदेश दिया, लेकिन एसपी ने कुरुक्षेत्र के कर्मचारी को निलंबित करने की अपनी शक्ति से इनकार किया। इसको लेकर परिवहन मंत्री ने अपनी नाराजगी व्यक्त की और अपनी बात पर जोर दिया। बैठक में अन्य पुलिस जांच और भ्रष्टाचार के मामलों पर भी चर्चा हुई, जिस पर विज ने कार्रवाई के निर्देश दिए।

## भारत में आपका स्वागत है मेरे प्यारे दोस्त, इमैनुएल मैक्रों के भारत दौरे पर पीएम मोदी का खास संदेश


**नईदिल्ली 17 फरवरी [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के दौरे और दोनों देशों के रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का इंतजार कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात मैक्रों के एक्स पर एक पोस्ट पर कमेंट करते हुए कही, जिसमें फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा था कि वह भारत आ रहे हैं और मुंबई-नई दिल्ली के अपने तीन दिन के दौरे के दौरान, दोनों नेता दोनों देशों की स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को और आगे ले जाएंगे। उन्होंने एक्स पर कहा, भारत में आपका स्वागत है! भारत आपके आने और हमारे आपसी रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का इंतजार कर रहा है। मुझे पूरा भरोसा है कि हमारी बातचीत से अलग-अलग सेक्टर में सहयोग और मजबूत होगा और दुनिया भर में तरक्की में मदद मिलेगी। मुंबई में और बाद में दिल्ली में मिलते हैं, मेरे प्यारे दोस्त इमैनुएल मैक्रों। उन्होंने कहा, भारत के रास्ते में! हमारी स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को और आगे ले जाने के लिए मुंबई से नई दिल्ली तक तीन दिन। हम साथ मिलकर अपने सहयोग को और भी आगे बढ़ाएंगे। कल मिलते हैं, मेरे प्यारे दोस्त नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री दिन में बाद में फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ दो-तरफ़ा मीटिंग करने के लिए मुंबई जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा, मुंबई में और बाद में दिल्ली में मिलते हैं, मेरे प्यारे दोस्त इमैनुएल मैक्रों। राष्ट्रपति मैक्रों का दौरा पीएममोदी के भारत द्वारा होस्ट किए जा रहे एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने के न्योते पर हो रहा है। अपने प्रवास के दौरान, दोनों नेता मुंबई में एक दो-तरफ़ा समिट भी करेंगे।

## अमावस्या पर ब्रजघाट में श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी, मंदिरों में की पूजा अर्चना



**ब्रजघाट 17 फरवरी।** कच्चा घाट लठीरा एवं पुष्पावती पूठ में अनेक श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य अर्जित किया। अनेक श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद श्रीसत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण किया तो वहीं मंदिरों में चल रहे भजन कीर्तन में भाग लिया। इस दौरान अनेक भक्तों ने मंदिरों में जाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा गरीब एवं असहाय लोगों को वस्त्र, धन आदि का दान देकर पुण्य अर्जित किया। वहीं पुलिस भी हाईवे पर जाम न लगे, इसको लेकर सतर्क रहीं। इस दौरान गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार निगरानी कर लोगों को सचेत करते रहे। दिल्ली लखनऊ हाईवे पर ओवर ब्रिज निर्माण के चलते रात से ही जाम जैसे हालात दिखाई दिए। यहां ओवर ब्रिज निर्माण के कारण वाहनों को हाईवे की सर्विस रोड से निकाला जा रहा है। रास्ता संकरा होने के कारण यहां 24 घंटे जाम जैसे हालात बने रहते हैं। वही मौसम साफ होने से इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है

## सीबीएसई बोर्ड एग्जाम के बीच पंजाब के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, बच्चों को घर भेजा गया

**मोहाली, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

पंजाब के मोहाली के ज्ञान ज्योति स्कूल को एक बार फिर बम से उड़ने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई है। धमकी के बाद स्कूल प्रशासन ने सभी बच्चों को वापस घर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पंजाब के कई स्कूलों को आज फिर से धमकी भरी मेल आई है। जिसके बारे में अभी पूरी डिटेल् सामने नहीं है। वहीं, पुलिस को भी इसके बारे में सूचित किया गया है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच रही है। इससे पहले पिछले सप्ताह बुधवार को भी मोहाली के 16 स्कूलों में बम की धमकी दी गई थी। तब भी सभी स्कूलों को खाली करा दिया गया था।



अभिभावक बच्चों को वापस लेकर जा रहे हैं। प्रशासन के लिए यह एक बड़ी चुनौती है क्योंकि आज सीबीएसई बोर्ड का की पहली गणित विषय की परीक्षा भी है। ऐसे में जिन स्कूलों में परीक्षा केंद्र बने हैं उन स्कूलों में पुलिस को जल्द से जल्द जांच कर परीक्षा करानी है।

## टिहरी जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल मिलते ही मची अफरा-तफरी

**टिहरी गढ़वाल।** टिहरी जिला न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर मंगलवार को एक ईमेल के माध्यम से बम होने की सूचना मिली, जिससे परिसर में खलबली मच गई। सुरक्षा के दृष्टिगत मौके से सभी न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस बल और अभिसूचना इकाई की टीम मौके पर पहुंच गई है और पूरे न्यायालय परिसर की गहन चेकिंग में जुट गई है।

## रोड आईलैंड के हॉकी एरीना में गोलीबारी संदिग्ध समेत तीन की मौत, तीन घायल



**वॉशिंगटन 17 फरवरी।** अमेरिका के रोड आइलैंड राज्य में एक हॉकी एरीना में हुई गोलीबारी ने इलाके में दहशत का माहौल बन गया। इस गोलीबारी में संदिग्ध हमलावर समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सीएनएन के मुताबिक, मरने वालों में एक युवती भी शामिल है। कानून प्रवर्तन अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि हमलावर ने घटना के बाद खुद को भी गोली मार ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच के आधार पर कहा है कि हमलावर संभवतः अपने ही परिवार के सदस्यों को निशाना बना रहा था। यह घटना पॉटकेट स्थित डेनिस एम. लिंच एरीना में हुई, जहां उस समय दो स्कूल छात्र टीमों के बीच हॉकी मैच चल रहा था। पॉटकट पुलिस प्रमुख ने बताया कि तीन अन्य पीड़ित गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## भड़काऊ बातें और भारत का विरोध... जाते-जाते भी जहर उगल गए यूनुस, आखिरी भाषण में किया सेवन सिस्टर्स का जिक्र

**ढाका, 17 फरवरी [एजेंसी]।**



बांग्लादेश में लोकतांत्रिक हालात को बहाल करने और कमजोर अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में पूरी तरह से नाकाम रहे मोहम्मद यूनुस ने अपने विदाई भाषण में भी भड़काऊ बातें की और भारत के खिलाफ जहर उगला। शेख हसीना के तख्तापलट के बाद यूनुस ने अंतरिम सरकार का नेतृत्व किया लेकिन उनके नेतृत्व में बांग्लादेश के भीतर इस्लामिक विद्रोह भड़का और हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया। कानून और व्यवस्था को लेकर उनकी लगातार आलोचना हुई। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि बांग्लादेश ने विदेश नीति में अपनी संप्रभुता, सम्मान और आजादी वापस पा ली है और अब वह दूसरे के निर्देशों पर नहीं चलता है। उनकी इस कथनी को भारत के लिए समझा गया है, जो वर्षों से बांग्लादेश की मदद करता आया। उन्होंने नेपाल, भूटान और सेवन सिस्टर्स को जोड़ते हुए भविष्य के आर्थिक एकीकरण की बात की। बता दें कि सेवन सिस्टर्स को अक्सर भारत के नॉर्थ ईस्ट राज्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यूनुस ने कहा, हमारे खुले समुद्र सिर्फ बॉर्डर नहीं हैं, वे ग्लोबल इकॉनमी के गेटवे हैं। नेपाल, भूटान और सेवन सिस्टर्स के साथ इस इलाके में बहुत ज्यादा आर्थिक क्षमता है।

इकॉनमिक जोन, ट्रेड एग्रीमेंट और ड्यूटी-फ्री मार्केट एक्सेस हमें ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के तौर पर बना सकते हैं। इस तरह की बातों से नई दिल्ली में हैरानी हो सकती है। सालों से, भारत ने अपने नॉर्थ-ईस्ट को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के लिए बांग्लादेश के जरिए कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स में भारी इन्वेस्ट किया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार चलाने वाले नेता ने चीन, जापान, अमेरिका और यूरोप के साथ गहरे होते रिश्तों पर जोर दिया। उन्होंने चीन के सपोर्ट वाले प्रोजेक्ट्स पर हुई प्रोग्रेस का जिक्र किया, जिसमें तीस्ता नदी पहल भी शामिल है। यह भारत के रणनीतिक रूप से जरूरी सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास है। यूनुस ने कहा, हमने चीन के साथ भी सहयोग बढ़ाया है।

तीस्ता नदी प्रोजेक्ट और निलफामारी में 1,000 बेड वाले इंटरनेशनल हॉस्पिटल पर काफी तरक्की हुई है। यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश ने किसी भी हमले का मुकाबला करने के लिए अपनी सेना को मजबूत करना शुरू कर दिया है। उनके भाषण में अंतरिम सरकार के सांप्रदायिक हिंसा से ठीक से निपटने के तरीके पर कोई बात नहीं हुई, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा में हुई गलतियों को स्वीकार नहीं किया गया और हिंदू नागरिकों के बीच डर को भी नहीं माना गया, जो उथल-पुथल के समय में भरोसे के लिए सरकार की तरफ देख रहे थे। यूनुस ने अपनी विदेश नीति के भारत विरोधी रवैये और पाकिस्तान के पक्ष में झुकाव की आलोचना के बीच कहा, विदेश नीति में हमने बांग्लादेश की संप्रभुता, राष्ट्रीय हित और सम्मान को मजबूती से बहाल किया है। बांग्लादेश अब दूसरों के कहने या उनके कहने पर चलने वाला नहीं है। आज का बांग्लादेश आत्मविश्वासी, सक्रिय और जिम्मेदार है।

## पंजाब नेशनल बैंक की ब्रांच को बस्ती से कॉलोनी में शिफ्ट करने से नाराजगी

**कोरबा।** रजगामार में कई दशकों से संचालित पंजाब नेशनल बैंक को एसईसीएल की ओमपुर कॉलोनी में शिफ्ट किए जाने की कोशिश का ग्रामीणों ने जोरदार विरोध शुरू कर दिया है। बैंक से जुड़े लगभग 40 गांवों के लोग इस फैसले से नाराज हैं और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।रजगामार क्षेत्र में कई दशक से संचालित पंजाब नेशनल बैंक स्थानीय लोगों की आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। किसान, मजदूर, पेंशनधारी, स्व-सहायता समूह, छोटे व्यापारी और सरकारी योजनाओं के हितग्राही इसी शाखा पर निर्भर हैं।ग्रामीणों का कहना है कि अचानक बैंक को बस्ती से लगभग 3 किलोमीटर दूर एसईसीएल की ओमपुर कॉलोनी में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।बैंक को बस्ती से ओमपुर कॉलोनी परिसर में स्थानांतरित किए जाने की बात सामने आई है। ग्रामीणों का तर्क है कि कॉलोनी क्षेत्र मुख्य बस्ती से दूर है और वहां तक पहुंचने के लिए नियमित सार्वजनिक परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है।विशेष रूप से बुजुर्ग पेंशनधारियों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को 3 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करना मुश्किल होगा। किसानों का कहना है कि फसल सीजन और सरकारी योजनाओं के भुगतान के दौरान बैंक में भारी भीड़ रहती है, ऐसे में दूरस्थ स्थान पर शाखा होने से और अधिक दिक्कतें बढ़ेंगी।ग्रामीणों की मांगबैंक को वर्तमान स्थान पर ही संचालित रखा जाए।यदि शिफ्टिंग अनिवार्य है तो बस्ती के नजदीक वैकल्पिक भवन की व्यवस्था की जाए।प्रशासन और बैंक प्रबंधन ग्रामीणों से चर्चा कर सहमति बनाए।ग्रामीणों ने इस संबंध में प्रशासन को लिखित आपत्ति सौंप दी है और चेतावनी दी है कि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## ऑनलाइन माध्यम से जन सुनवाई में सम्मिलित हो सकेंगे कोरबा क्षेत्र के उपभोक्ता

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2029-30 तक के लिए बिजली दरों (टैरिफ) के निर्धारण और राजस्व आवश्यकताओं से संबंधित याचिकाओं पर कोरबा जिले सहित बिलासपुर,मुंगेली और जीपीएम जिले के उपभोक्ताओं के लिए जन-सुनवाई आयोजित होगी।सीएसईआरसी की ओर से पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य के दूर-दराज क्षेत्रों के विभिन्न उपभोक्ताओं को उक्त जनसुनवाई की प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए क्षेत्रवार ऑनलाईन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य की बिजली कंपनियों उत्पादन, पारेषण, वितरण एवं लोड डिस्पैच सेंटर की ओर से प्रस्तुत याचिकाओं पर आम जनता, किसान और उद्योगपति अपने सुझाव व आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। क्षेत्र के उपभोक्ताओं को आयोग के रायपुर कार्यालय से सीधे जुड़ने के लिए दिनांक 17 फरवरी को प्रातः 12 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बिलासपुर के तिफरा स्थित कार्यपालक निदेशक कार्यालय, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बिलासपुर में उपस्थित हो सकते हैं। रायपुर कार्यालय में प्रत्यक्ष जन-सुनवाई यदि कोई उपभोक्ता सीधे रायपुर आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी बात रखना चाहता है, तो दिनांक 19 फरवरी को दोपहर 12 से 1बजे तक कृषि एवं कृषि संबंधी कार्य, दोपहर 2:30 से 4 बजे तक घरेलू उपभोक्ता एवं सायं 4 से 5:30 बजे तक गैर-घरेलू उपभोक्ता उपस्थित होकर अपनी आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी तरह 20 फरवरी को दोपहर 12 से 1:30 बजे तक स्थानीय निकाय, नगर निगम एवं ट्रेड यूनियन व अन्य दोपहर 2:30 से 4 बजे तक निम्न दाब उद्योग एवं सायं 4 से 5:30 बजे तक उच्च दाब उद्योग उपभोक्ता और विभिन्न संगठन इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया का हिस्सा बनकर अपने सुझाव दे सकते हैं।

## स्थानीय समस्याओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, कुसमुंडा खदान में आंदोलन की चेतावनी

**कोरबा।** कुसमुंडा कोयला खदान क्षेत्र से लगे कई गांवों के प्रदूषण व अन्य समस्याओं से परेशान हैं और आंदोलन के मूड में हैं। ग्राम अमगांव, चुरैल, बाता, घनाडबरी, नवागांव और रंगबेल के निवासियों ने मोर्चा खोलते हुए आगामी 20 फरवरी को खदान क्षेत्र में निजी कंपनी का काम पूरी तरह बंद कराने के लिए एक दिवसीय शांतिपूर्ण हड़ताल और विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी उनके घरों के बेहद करीब खनन कार्य कररही है। खनन के दौरान होने वाली तेज ब्लास्टिंग से मकानों में दरारें पड़ रही हैं, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा क्षेत्र में उड़ने वाली भारी धूल से लोगों में सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। मशीनों और विस्फोट के तेज शोर से स्थानीय निवासियों का जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहले भी कई बार मौखिक रूप से अपनी समस्याओं से प्रबंधन को अवगत कराया, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला, कोई ठोस समाधान नहीं निकला। समस्याओं के निराकरण में लगातार हो रही देरी से नाराज ग्रामीणों ने अब 20 फरवरी को काम ठप करने की चेतावनी दी है। समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से शुभम बघेल, सूर्यनारायण कंवर, उदय सिंह, फूलसिंह, विजेंद्र कुमार, विनय रात्रे सहित ग्राम पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

## सीईओ जिला पंचायत ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिको की समस्याएं'

**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग ने जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। जिसमें आमजनों ने विभिन्न विषयों से संबंधित अपनी समस्याएं और मांगें प्रस्तुत कीं।जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किया गया तथा उनके शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए। प्रशासन की प्राथमिकता रही कि प्रत्येक आवेदक को उसकी समस्या के समाधान का भरोसा मिले और सभी मामलों का नियमानुसार त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जाए।जनदर्शन में प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटाने, रोजगार, मुआवजा, राशन कार्ड, वन अधिकार पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि सीमांकन एवं बंटवारा, बेजाकब्जा, आंगनबाड़ी भवन मरम्मत सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।सीईओ जिला पंचायत ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरण प्रेषित कर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं, जनदर्शन में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री देवेन्द्र पटेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## तकनीकी सहायक और एमटीएस के लिए मंगाए गए आवेदन

**कोरबा ।** भारत की जनगणना 2027 के कार्य संपादन हेतु जिला कार्यालय कोरबा द्वारा जिले के अंतर्गत सभी तहसीलों एवं नगरीय निकायों के लिए कुल 28 तकनीकी सहायक तथा 02 एम.टी.एस. कार्मिकों की आवश्यकता है।

# कनिका कपूर,अनुज और दीपक सहित स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति हुई पाली महोत्सव में






**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में पावन महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पाली में आयोजित दो दिवसीय पाली महोत्सव का गरिमामय समापन समारोह संपन्न हुआ। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक वैभव और जनउत्साह से परिपूर्ण इस आयोजन ने क्षेत्र की समृद्ध परंपराओं और सामाजिक एकता का सुंदर परिचय प्रस्तुत किया। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में उत्साह, भक्ति और उल्लास की मनोहारी छटा बिखरी रही। कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि पाली महोत्सव कोरबा वासियो के लिए गौरव की बात है।

पाली का यह ऐतिहासिक महोत्सव निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत कर रहा है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर पाली शिव मंदिर घाट में शिव आरती, गंगा आरती, श्रीराम आरती एवं दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसका श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। समापन दिवस पर भी आंचलिक, प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त कलाकारों की प्रस्तुतियों से दर्शको को भरपूर मनोरंजन का लाभ मिलेगा।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के अगुवाई में राज्य निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रदेश में विकास कार्यों के साथ-साथ सांस्कृतिक और धार्मिक उत्सव भी पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाए जा रहे हैं। राज्य की निरंतर उन्नति और प्रगति के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कलेक्टर श्री दुदावत के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा महोत्सव को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है, जिसके लिए उन्होंने प्रशासनिक टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।सुगम आवागमन की दिशा में बड़ा कदम, मंत्री देवांगन ने की सड़क चौड़ीकरण और स्ट्रीट लाइट की घोषणा

इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने पाली में पर्यटन की दृष्टि से और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए पाली के शिव मंदिर से कॉलेज तक सड़क चौड़ीकरण तथा मुख्य मार्ग से डुमरकछार शिव मंदिर तक स्ट्रीट लाइट लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से क्षेत्र में सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित होगी और नागरिकों को सुविधा मिलेगी।समरोह में सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत ने महोत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर दिशा देने का संदेश है। भगवान शिव की आराधना हमें कठिनाइयों से संघर्ष करना, धैर्य रखना और आत्मबल के साथ आगे बढ़ना सिखाती है। उन्होंने कहा कि शिव अनादि और अनंत हैं—वे सदानंद स्वरूप हैं। देश के 12 ज्योतिर्लिंग भगवान शिव को एक सूत्र में बांधते हैं और यह हमारी आध्यात्मिक एकता के प्रतीक हैं। शिव की साधना व्यक्ति को विकारों से दूर कर विराट चेतना की ओर ले जाती है।उन्होंने आमजनों को पाली महोत्सव कार्यक्रम में बॉलीवुड, छालीवुड सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति का लुत्फ उठाने के लिये कहा। सांसद श्रीमती महंत ने जिला प्रशासन और शासन की सराहना करते हुए कहा कि पाली की सांस्कृतिक परंपराओं को संजोने और आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। ऐसे आयोजन हमारी विरासत, आस्था और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियो से अपनी सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर को सहेजकर रखने और आने वाली पीढ़ियों तक उसे संरक्षित रूप में पहुंचाने का आह्वान किया। समापन समारोह के अवसर पर पाली-तानाखार विधायक श्री तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पाली देवाधिदेव भगवान शिव और मां महिषासुर मर्दिनी की नगरी है, जिसका अपना विशिष्ट ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। यह भूमि आस्था, संस्कृति और परंपराओं से समृद्ध रही है। उन्होंने कहा कि पाली की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत गौरवशाली है। यह क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से भी परिपूर्ण है, यहां कोयला के साथ ही लिथियम का भंडार है और पावर हब के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। धार्मिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक दृष्टि से पाली निरंतर आगे बढ़ रहा है।विधायक श्री मरकाम ने कहा कि ऐसे महोत्सव सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं और हमारी परंपराओं को नई पीढ़ी से जोड़ते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे मेले का आनंद लें और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लाभ उठाएं। उन्होंने जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन निरंतर आगे बढ़ते हुए मंच प्रदान कर रहा है, जिससे प्रतिभाओं को अवसर मिल रहा है और नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। महोत्सव में स्थानीय, प्रादेशिक एवं बॉलीवुड कलाकारों की प्रस्तुतियां क्षेत्र के सांस्कृतिक परिदृश्य को समृद्ध कर रही हैं।कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने समस्त क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पाली के प्राचीन शिव मंदिर की गरिमा, आस्था और ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने और सहेजने का प्रयास है। कलेक्टर ने कहा कि शासन के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा पाली की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और अधिक सुसज्जित एवं सशक्त बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। महोत्सव के माध्यम से स्थानीय परंपराओं, कला और संस्कृति को एक सशक्त मंच प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि कल आयोजित उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नागरिकों ने भरपूर आनंद उठाया और आज भी विभिन्न कलाकारों की प्रस्तुतियों का सभी को आनंद लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, पूर्व विधायकगण श्री पुरुषोत्तम कंवर, श्री मोहित राम केरकेट्टा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, अध्यक्ष नगर पंचायत पाली श्री अजय जायसवाल, सरपंच केराझरिया श्रीमती गिरजा सत्यनारायण पैकरा, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, निगम आयुक्त श्री आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग, एसडीएम पाली श्री रोहित कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में आमनागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों सहित अधिकारियों ने कलाकारों की प्रस्तुति का आनंद लिया।

# आश्वासन के बाद भी पूरी नहीं हुई मांगे,एसईसीएल मुख्यालय में भूविस्थापितों का आंदोलन जारी

### अर्जित भूमि के एवज में रोजगार की मांग को लेकर कर रहे आंदोलन



**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा ,कोरबा क्षेत्र के भू-विस्थापित अर्जित भूमि के एवज में रोजगार की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। भू-विस्थापितों का कहना है कि कई वर्षों से क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय एवं मुख्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन मांगों व शिकायतों का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है। भू-विस्थापितों का कहना है कि कोर्ट के आदेश के बाद भी इसका पालन करने के बजाय कंपनी के की ओर से भूविस्थापितों को रोजगार देने के नाम पर केवल आश्वासन देकर गुमराह किया जा रहा है। जिससे नाराज होकर भू-विस्थापितों ने एसईसीएल मुख्यालय के बाहर गेट के पास आंदोलन शुरू किया है। भू-विस्थापितों की मांग है कि रोजगार के संबंध में सकारात्मक निर्णय आने तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं सोमवार को आंदोलन में भूविस्थापित परिवार कक महिलाएं भी शामिल हुई। बताया जा रहा है कि मांगों को लेकर प्रबंधन के अधिकारियों के साथ चर्चा हुई। भूविस्थापितों का कहना है कि इस बैठक में सकारात्मक निर्णय नहीं आने पर आंदोलन किया जाएगा। 17 फरवरी को एसईसीएल मुख्यालय के दोनों गेट जाम करने की चेतावनी दी है। भूविस्थापितों के अनुसार जिसकी सूचना प्रबंधन को भी दी गई है।

## जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन 20 फरवरी को

**कोरबा ।** आरजीआई पोर्टल से आनलाईन जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु 20 फरवरी को जनपद पंचायत कटघोरा के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से अपरांह 01 बजे तक तथा दोपहर 02 बजे से 04 बजे तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा दिया जायेगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुर, कटईनार, विकासखंड कटघोरा अंतर्गत समस्त प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र, एसईसीएल-एनसीएच दीपका गेवरा परियोजना, बांकी सुराकछार, विकास नगर डिस्पेंसरी कुसमुण्डा एरिया, सीएसईबी-(एचटीपीएस) के लिए प्रशिक्षण का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक किया जायेगा। इसी तरह जनपद पंचायत कटघोरा अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत सचिवों, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिक परिषद कटघोरा, दीपका, बांकीमोंगरा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत छुरीकला के लिए प्रशिक्षण का आयोजन दोपहर 02 बजे से 04 बजे तक किया जायेगा।

## भू-विस्थापित श्रमिक सहाकारी समिति मर्यादित चारपारा कोहड़िया के मतदाता सूची प्रकाशित

कोरबा । रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भू-विस्थापित श्रमिक सहकारी समिति मर्यादित चारपारा, कोहड़िया पंजीयन क्रमांक 3425 श्री एच.के.चौहान द्वारा सोसायटी के सदस्यों का मतदाता सूची का प्रकाशन 16 फरवरी 2026 को किया जाकर दावा-आपत्ति 23 फरवरी तक आमंत्रित किया गया है। दावा-आपत्ति लिखित में मय प्रमाण के श्री सहेलु राम प्रबंधक/सदस्य के पास 23 फरवरी 2026 तक कार्यालयीन समय पर सोसायटी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है। दावा-आपत्तियों का निराकरण सोसायटी कार्यालय में 24 फरवरी को अपरांह 01 बजे से किया जायेगा तथा इस प्रकार उपांतरित सूची को अंतिम मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जायेगा।

## सांस्कृतिक भवन कटघोरा में उद्यमिता जागरूकता शिविर

**कोरबा ।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा द्वारा जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं भावी उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन सांस्कृतिक भवन, पुराना नगर पालिका के सामने बिलासपुर रोड कटघोरा में 17 फरवरी दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया है। शिविर में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदानित ऋण हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा ऋण प्रक्रिया, पात्रता शर्तों एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने संबंधी जानकारी दी जाएगी। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा ने जिले के इच्छुक का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## नोकोनिहा तालाब के किनारे हुई महाआरती और आतिशबाजी

**कोरबा ।** ऐतिहासिक नगरी पाली में आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पाली महोत्सव 2026 का शुभारंभ शिव आरती, दीपोत्सव और भव्य आतिशबाजी के साथ हुआ। हजारों श्रदालुओं की उपस्थिति में शाम लगभग 7 बजे पाली शिव मंदिर घाट में शिव आरती और दीपोत्सव ने समां बांध दिया। पाली के ऐतिहासिक शिव मंदिर और सरोवर के चारो ओर दीपों की जगमगाती रोशनी और शांत माहौल में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत का मेल दिखाई दिया। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, श्रम, उद्योग, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में दीपोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान गंगा आरती, धूप आरती के साथ धार्मिक माहौल दिखाई दिया। मंत्री श्री देवांगन सहित अन्य अतिथियों ने पाली के ऐतिहासिक मंदिर में पूजा अर्चना भी किया और सभी के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, कोरबा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष श्री अजय जायसवाल तथा ग्राम पंचायत केराझरिया की सरपंच श्रीमती गिरजा सत्यनारायण पैंकरा,पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन अन्य जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी आदि उपस्थित रहें।



## सरकारी योजनाओं की जानकारी श्रमिकों को देने कल होगा सम्मेलन

**कोरबा ।** श्रम विभाग कोरबा द्वारा जिले के श्रमिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से 18 फरवरी (बुधवार) को प्रातः 11 बजे से राजीव गांधी ऑडिटोरियम, टी.पी. नगर कोरबा में श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा संचालित श्रमिक हितैषी योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएँ अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुँचाने हेतु आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री लखन लाल देवांगन, मंत्री - वाणिज्य, उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर (आबकारी) एवं श्रम विभाग, छत्तीसगढ़ शासन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय सांसद, कोरबा लोकसभा, श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय महापौर, नगर पालिक निगम कोरबा, श्रीमती संजू देवी राजपूत, माननीय अध्यक्ष, जिला पंचायत कोरबा, डॉ. पवन कुमार सिंह तथा सभापति, नगर पालिक निगम कोरबा, श्री नूतन सिंह ठाकुर सम्मिलित होंगे। सम्मेलन के दौरान श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रदान करेंगे। श्रमिकों की सुविधा हेतु कार्यक्रम स्थल पर पंजीयन एवं नवीनीकरण काउंटर सहित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था भी की गई है, जिससे श्रमिक भाई बहन स्थल पर ही अपनी आवश्यक सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।सहायक श्रम आयुक्त कोरबा ने जिले के श्रमिक साथियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में उपस्थित होकर शासन की श्रमिक हितैषी योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से भी कार्यक्रम में शामिल होकर श्रमिक सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है। निर्माण श्रमिक जैसे रेजा कुली, राजमिस्त्री, बढ़ई, प्लम्बर, इलेक्ट्रीशियन एवं अन्य निर्माण कार्यों में संलग्न श्रमिक साथियों को पंजीयन हेतु मूल आधार कार्ड, बैंक पासबुक, परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड, एक वर्ष में 90 दिवस निर्माण कार्य किए जाने की जानकारी और ओटीपी हेतु मोबाइल अपने साथ लाना होगा तथा लाइव फोटो हेतु स्वयं उपस्थित होना आवश्यक है। जो निर्माण श्रमिक पहले से पंजीकृत हैं और जिनके पंजीयन को पाँच वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें नवीनीकरण हेतु उपरोक्त दस्तावेजों के साथ अपना पंजीयन कार्ड भी साथ लाना होगा।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जैसे धोबी, दर्जी, नाई, बुनकर, ऑटो रिक्शा चालक, सफाई कर्मकार, दुकान एवं गैरेज में कार्यरत मजदूर, चाय-नाश्ता ठेला संचालक, मितानिन, कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका आदि को पंजीयन हेतु मूल आधार कार्ड, बैंक पासबुक, परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड, पार्षद/सरपंच/पटवारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र और ओटीपी हेतु मोबाइल साथ रखना होगा। लाइव फोटो हेतु स्वयं उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।यह आयोजन श्रमिकों के हित में शासन द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य श्रमिकों को उनकी पात्रता की सभी योजनाओं का वास्तविक लाभ उपलब्ध कराना है।

## केयर सेंटर-सियान गुड़ी के प्राथमिक स्तर पर स्थापना व संचालन हेतु प्रस्ताव आमंत्रण को किया गया निरस्त

**कोरबा ।** जिले में वरिष्ठ नागरिकों के लिए 25 सीटर 'डे केयर सेंटर-सियान गुड़ी' का प्राथमिक स्तर पर स्थापना एवं संचालन किये जाने हेतु इच्छुक संस्थाओं / फर्मों(शासकीय / अर्द्धशासकीय पंजीकृत स्वयं सेवी संस्थाओं) से प्रस्ताव आमंत्रित किया गया था। उप संचालक समाज कल्याण कोरबा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उक्त प्रस्ताव को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है।

## मेडिकल कॉलेज की राह में ग्रामीणों के रास्ते का रोड़ा

**जांजगीर-चांपा।** कुटरा के ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट का घेराव कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि कुटरा में मेडिकल कालेज बनाया जा रहा है। जो स्वागतेय कदम है। लेकिन मेडिकल कालेज निर्माण के दौरान किसानों खेतों के रास्ते को रोक दिया जा रहा है। जो सरासर गलत है। निर्माण के दौरान किसान निर्माण कार्य से जुड़े - विवाद की जांच में अहम तथ्य सामने - आए हैं। जांच दल ने पाया कि - प्रस्तावित निर्माण के चलते पूर्व दिशा में आवागमन पूरी तरह बंद होगा है जबकि पश्चिम दिशा का मार्ग आशिक रूप से प्रभावित हो सकता है। इससे किसानों की खेतों तक पहुंच पर गंभीर असर पड़ने की संभावना जताई गई है। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से मांग रखी है कि चारों ओर कम से कम 20 फीट चौड़ी सड़क उपलब्ध कराई जाए, ताकि पारंपरिक आवागमन बाधित न हो और खेती-किसानी प्रभावित न हो। उनका कहना है कि विकास कार्यों का स्वागत है, लेकिन इसके साथ ग्रामीणों के अधिकार और आजीविका की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। जांच दल में नायब तहसीलदार वर्षा अग्रवाल, राजस्व निरीक्षक और पटवारी शामिल रहे। मौके पर ग्राम संरक्षक राघवेन्द्र पाण्डेय, सरपंच, पंचगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कुटरा के ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य के साथ-साथ पारंपरिक मार्ग को सुरक्षित रखा जाए या शीघ्र वैकल्पिक सड़क की व्यवस्था की जाए ताकि विकास और किसानों के अधिकारों के बीच संतुलन बना रहे। बताया गया है कि सीमांकन का शेष कार्य एक सप्ताह में पूरा किया जाएगा। तब तक भू-अबंटन अधिकारी ने बाउंड्री वॉल बाउंड्री लाइन का कार्य रोकने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन यदि समय रहते समाधान निकालता है तो विवाद की स्थिति टल सकती है और विकास कार्य भी सुचारू रूप से आगे बढ़ सकेगा।

## किसानों ने धान खरीदी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**जांजगीर-चांपा।** धान खरीदी से वंचित किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को शहर में कृषक चेतना मंच के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा कि जल्द ही धान खरीदी के लिए कोई निर्णय नहीं लेने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस बार समर्थन मूल्य में जिले में सैकड़ों किसान धान बेचने से वंचित हो गए है। इसका कारण सरकार के नीत नए नियम बताया जा रहा है। रकबा सरेंडर के चक्कर में किसान परेशान होते रहे, दफ्तरों का चक्कर लगाते रहे। इधर अंतिम में टोकन कटना ही बंद हो गया। सैकड़ों किसान धान बेचने से वंचित हो गए। ऐसे में जिले के अन्नदाता के सामने विकराल समस्या खड़ी हो गई है। एक बार फिर से किसान एकजुट होने लगे। सोमवार को बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल भवन के पास धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में जिले के 15 समितियों केकिसान उपस्थित हुए। जिनमें से अधिकांश किसान सहकारी समिति के ऋणी है और वारिसान किसान है। जिनका । दाना धान भी नहीं खरीदा गया है। छग के किसान पूर्णतः धान के फसल पर आधारित है। उनकी दैनिक उपयोग से लेकर बीमारी, पढ़ाई, लिखाई, विवाह आदि सभी सामाजिक एवं धार्मिक कार्य धान की फसल से मिलने वाली राशि पर आधारित है। इन परिस्थितियों में इन किसानों का धान नहीं बिक पाना उनके लिए विषम परिस्थिति उत्पन्न करता है, ये सभी किसान हताश, निराश एवं विचलित है। किसानों का कहना है कि मोदी के गारंटी के साथ सभी किसानों का दाना-दाना धान खरीदने का वादा किया है। इन किसानों के साथ वादा खिलाफी हो रही है। कृषक चेतना मंच इन किसानों के साथ हुए अन्याय के लिए 9 फरवरी को भी ज्ञापन सौंपा था। परंतु अभी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके चलते वे लगातार प्रदर्शन करने विवश हैं।

## डीपीएस में मनाया गया अभिभावक दिवस

**जांजगीर-चांपा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल जांजगीर-चांपा के परिसर में आयोजित अभिभावक दिवस हर्ष, उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों के आगमन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कक्षा पहली के छात्र अभीयुक्त देवांगन ने आत्मविश्वास से परिपूर्ण स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। बाल वाटिका प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, जे.सी. एवं के.सी. प्री-नसरी तथा कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने मनमोहक एवं रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए किया गया, जिनका संचालन शिक्षिका रानी राजपूत एवं नेहा श्रीवास्तव द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा मिस एंड मास्टर डीपीएस रैंप बॉक प्रतियोगिता, जहां अपने अभिभावकों के संग बच्चों ने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। नन्हें प्रतिभागियों की मासूम आया और प्रभावशाली प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय अन्य से खेती की आजाद वचा से सभी को अभिभूत किया।

# बेटे की मौत के चलते सदमे में चल रहे माता-पिता ने फांसी लगाकर दे दी जान

**जांजगीर-चांपा।** जिले के शिवरीनारायण थाना अंतर्गत धरदेई में हृदयविदारक घटना सामने आई है। इकलौते पुत्र के मौत के सदमे में चल यहे माता-पिता ने ठीक एक साल बाद फासी लगाकार अपनी इहलीला

समाप्त कर ली है। इस घटना में गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। दो पन्ना का सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उन्होंने पुत्र की मौत के सदमे में फांसी लगाना उल्लेख किया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई।

शिवरीनारायण धाना के गांव धरदेई निवासी नावाई पटेल (47) और कृष्णा पटेल (48) अपने घर की बाड़ी में नीम पेड़ पर साड़ी के फंदे पर लटके हुए थे। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची। 100 को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और जहां शुरू की गई प्रथम दृष्टि में बाहरी हस्तक्षेप के सकेत नहीं मिले लेकिन पर हर पहलू पर पुलिस ने जांच कर रही है। सुसाइड नोट भी मिला जिसमें साल भर



पहले ही उक्त दपति के इकलौते बटे आदित्य की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी इस सड़क दुर्घटना से हुई मौत पर वह बहुत दुखी थे।

जवान बेटे की असमय मृत्यु ने माता पिता को भीतर तक तोड़ दिया था। बेटे की मौत के बाद से दोनों गहरे सदमे में थे और सामान्य जीवन जीने में असमर्थ महसूस कर रहे थे। वे अक्सर गुमसुम रहते थे और किसी से ज्यादा बातचीत नहीं करते थे।

महाशिवरात्रि के दिन ही उसके एकलौते पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक यह अशंका जताई जा रही हैं कि मानसिक आघात और बेटे की मौत के दर्द ने दंपति को यह कदम उठाने पर मजबूर किया। इस दुखद घटना के बाद सन्नाटा पसरा हुआ है। पड़ोसियों के लिए संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं और उनके परिवार की मदद के लिए एकजुट हो रहे हैं। पुलिस को मृतक के जेब से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। सुसाइड नोट के हिसाब से पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। फिलहाल सदमे में ही फांसी लगाने की बात कहीं जा रही।

**सुसाइड के पहले बनाया वीडियो, जानें क्या कहा..**

पुत्र आदित्य पटेल की मौत से व्यथित रमा बाई पटेल और कृष्णा पटेल नै फांसी लगाने से पहले वीडियो भी बनाया था। इस वीडियो में दोनों अपने वकील से बात करते हुए पुत्र आदित्य पटेल के हादसे के बाद मिलने वाले क्लेम के पैसे को अपने दोनों बड़े भाई खोल बहरा पटेल और जलबहरा पटेल को दिलाने का वीडियो संदेश जारी किया था।

## मुख्यमंत्री ने किया दर्शन पूजन भगवान राजीवलोचन जी का

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साए जी ने राजिम पहुंचकर भगवान राजीव



लोचन का दर्शन पूजन करके पुण्य लाभ प्राप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री महाशिवरात्रि के अवसर पर महानदी के त्रिवेणी संगम तट पर आयोजित चित्रोत्पला गंगा महाआरती में सम्मिलित होने के लिए यहां पहुंचे थे। भगवान राजीव लोचन के दरबार में श्री राजीव लोचन मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज एवं सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर सहित पुजारी परिवार के सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री जी का सम्मान किया। उन्हें दर्शन पूजन के उपरांत पुष्पमाला, शाल, श्रीफल तथा भगवान राजीव लोचन की आरती पत्र भेंट करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री द्वय दयाल दास बघेल, राजेश अग्रवाल तथा विधायक रोहित साहू, संत रामशिरोमणि दास जी महाराज, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## खड़े वाहनों से डीजल चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर।** लौदा पुलिस ने डीजल चोरी के मामले में फरार आरोपी वीर कुमार रात्रे को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी में प्रयुक्त लोहे की हथौड़ी बरामद हुई। खिसोरा निवासी वीर लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। इससे पहले उसके साथी रजनीश रात्रे, जयनारायण केवट व सूरज कुर्रे को पकड़कर न्यायिक रिमांड भेजा जा चुका। 16 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर सकुनत से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने 28 जनवरी 2026 को ग्राम कटरा जंगल के पास ट्रेलर से स्कॉर्पियो में 140 लीटर डीजल चुराना कबूला।

## क्रीड़ा भारती द्वारा जिला स्तरीय जाजवल्यदेव कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन



**जांजगीर चांपा।** क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय के मार्गदर्शन अनुसार क्रीड़ा भारती पामगढ़ क्रीड़ा भारती जांजगीर चांपा द्वारा जिला स्तरीय जाजवल्यदेव कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अमर सुल्तानिया जिला संगठन प्रभारी जशपुर समापन एवम पुरस्कार वितरण माननीय नारायण चंदेल पूर्व नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधान सभा के कर कमलों से संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के आयोजन के संयोजक आयोजन सचिव क्रीड़ा भारती जिला उपाध्यक्ष पुष्कर दिनकर थे। कार्यक्रम क्रीड़ा भारती के छत्तीसगढ़ प्रांत के उपाध्यक्ष गोपेश्वर कहरा, जिला अध्यक्ष राजीव सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में संपादित किया गया। प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता का खिताब मेहंदी के टीमों को प्राप्त हुआ। जिसमे बजरंगी फाइटर मेहंदी की टिम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं मारुति दल मेहंदी की टिम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर का खिताब टीकम को बेस्ट केचर का खिताब परमानंद तथा ऑल राउंडर का खिताब तुषार साहू ने अपने नाम किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मानेश जांगड़े अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत, अरुण झाझडिया संरक्षक क्रीड़ा भारती, जितेंद्र तिवारी सचिव ओलंपिक संघ डमरू मनहर सभापति जनपद विवेका गोपाल सांसद प्रतिनिधि अश्वनी कुर्रे सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश थवाईत संतोषी सिंह अध्यक्ष महिला मोर्चा डा धनेश्वरी राकेश गढ़वाल कोच खेलो इंडिया हॉकी सेंटर बहोंरिक दिव्य सरपंच झूलन अमित बौद्ध सरपंच प्रतिनिधि के पी खरे पूर्व बी ई ओ योगेश्वर साहू सुनील खूंटे दिनेश रात्रे बसंत टंडन धवल तिवारी भुवन श्रीवास व अन्य सभी खिलाड़ियों दर्शकों की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में शंकर दास वैष्णव, भुवन श्रीवास, गुरु चरण निषाद, धवल तिवारी, योगेश्वर साहू ,बलराम ध्रुव ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष गोपेश्वर कहरा ने आभार प्रदर्शन पुष्कर दिनकर कार्यक्रम संयोजक ने किया।

## जनदर्शन में आये 75 आवेदन पत्रों की हुई सुनवाई

**जांजगीर।** कलेक्टर के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए। कल जनदर्शन में तहसील सारागांव के ग्राम कड़ारी निवासी साहेब लाल यादव द्वारा अभिलेख दुरूस्तीकरण करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया ।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में युवक की मौके पर मौत, तीन व्यक्ति घायल

**हसौद।** सरसिवां थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

हसौद निवासी भीम पटेल अपने एक साथी के साथ पारिवारिक कार्यक्रम (दशगात्र) में शामिल होने गु?यारी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने कथित रूप से गलत दिशा में आकर उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भीम पटेल को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में दूसरी बाइक पर सवार लोगों समेत कुल तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए बिलाईगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही सरसिवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और गलत साइड से वाहन चलाना हादसे का कारण बताया जा रहा है। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की विस्तृत विवेचना कर रही है।

## पुलवामा आतंकी हमले मे शहीद हुए देश के जवानो को भाजपा कार्यकर्ताओ ने दी श्रद्धांजलि



**जांजगीर।** स्थित भारत माता कचहरी चौंक शहीद स्मारक मे नगर के भाजपा कार्यकर्ताओ ने पुलवामा आतंकी हमले मे शहीद हुए देश के जवानो को याद करते हुए श्रध्दांजलि देते हुए उनके स्मारक मे श्रध्दा के पुष्प अर्पित करते हुए शहीदो के लिए दो मिनट का मौन रखकर भगवान से उनकी आत्मा की शांति की कामना की उक्त श्रध्दांजलि सभा मे भाजपा जिला महामंत्री नंदनी रजवाड़े जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल आई टी सेल संयोजक अनिल शर्मा कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष हितेश यादव रमाकांत रजवाड़े युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश सिंह राकेश रुपवानी प्रतिमा डेहरे अजित गढ़वाल पलाश चंदेल गजानंद ध्रुव प्रदीप सोनी अनिता कहरा संजीता माली गुडडू कहरा प्रदीप सोनी रमेश सोनवानी प्रेमलता कौशिक दुलौरिन चौरसिया अनुराग शुक्ला विवेक शर्मा पिंटु बरेठ गज्जू कर्ष गोलु दुबे रितेश अग्रवाल हरि सोनवानी रामगोपाल चौरसिया रितेश राठौर प्रदीप राठौर सोनु यादव चुन्नी राठौर अभिषेक पांडेय लक्ष्मी सारथी शैल राठौर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओ ने देश के शहीद जवानो के स्मारक पर अपनी भावभीनी सादर श्रध्दांजलि अर्पित की।

## युवक ने किया लाठी से हमला, चार महिला कमांडो घायल

**रिंगनी-खरौद।** नगर पंचायत खरौद में सोमवार को खरौद के माझापारा वार्ड में महिला कमांडो टीम पर हुए हमले में चार महिलाएं घायल हो गईं, जिनमें दो के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर में गाली-गलौज कर रहे जय आदित्य (27) को महिला कमांडो टीम ने समझाने की कोशिश की। इसी दौरान युवक अचानक आक्रामक हो गया और टीम की लाठी छीनकर उन पर हमला कर दिया। हमले में बेदकुंवर आदित्य (50) के सिर में गंभीर चोट आई और 10 टांके लगाने पड़े।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बने सभापति राजकुमार साहू

**जांजगीर चांपा।** भारतीय जनता पार्टी, प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं



प्रदेश महामंत्री संगठन माननीय पवन साय के मार्गदर्शन में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहू के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े के सहमति से पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कौशिक ने जिला पंचायत के कृषि स्थाई समिति के सभापति राजकुमार साहू को पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बनाए है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जवाबदारी दी है उसको पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा। श्री साहू ने जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के प्रति आभार व्यक्त की है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

## छ.ग. अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न



**जांजगीर चांपा।** छ.ग. अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन जिला-जांजगीर चांपा की मासिक बैठक दिनांक 14.02.2026 को कर्मचारी भवन नहरिया बाबा रोड़ जांजगीर में सम्पन्न हुआ। बैठक को अर्जुन लाल राठौर रामकिशोर शुक्ला संरक्षक दिलीप चतुर्वेदी प्रांतीय सदस्य राजेश तिवारी कार्यकारी अध्यक्ष रामनारायण राठौर उपाध्यक्ष सभी ने केन्द्र के समान महगाई भत्ता समय पर नहीं देने, 18.02.2026 को रायपुर में प्रांतीय बैठक, हाईकोर्ट के निर्णय पर विस्तृत चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया।

जिला अध्यक्ष महेश राठौर, सचिव एस. उपाध्याय ने हाई कार्ट, सुप्रीय कार्ट के फैसले, पर विस्तार से चर्चा की (प्रांतीय सम्मोलन जांजगीर में 18 फरवरी को रायपुर में प्रांतीय बैठक जैसे महत्वपूर्ण बिंदू पर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित एम.एल. कश्यप, अमरनाथ राठौर, राम सजीवन मिश्रा, लक्ष्मीनारायण राय, द्वारिका प्रसाद रत्नाकर, चन्द्रहास मिश्रा मीडिया प्रभारी, भीखम प्रसाद हंसोलिया, डी.आर. बानी, एस.पी.पटेल, आर.डी. साहू, बी.आर.चन्द्रा, बी.पी.साहू, जयराज सिंह, काशी राम श्रीवास, अशोक कुमार सूर्यवंशी, मोहन लाल चौहान, नंदकिशोर मिश्रा, आर. के. द्विवेदी, अखिलेश तिवारी, प्रताप सिंह चन्द्रा, सुरेश कुमार झलरिया, एल.पी. देवांगन, जीवन लाल चन्द्रा, वाय.आर. बाघमारे, आर.एन. राठौर, दाऊलाल राठौर, चन्दुलाल यादव, पुरूषोत्तम राठौर, सुशील यादव आदि की उपस्थिति सराहनी रहा। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य हरकूराम राठौर एवं जगदीश मिश्रा जी को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन जी.एस. उपाध्याय ने एवं आभार प्रदर्शन अखिलेश तिवारी ने किया।

# सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक सम्पन्न

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में केंद्र प्रवर्तित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सांसद ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, सर्व नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, संजय रामचंद्र अग्रवाल, गुलजार सिंह, संदीप यादव, उपस्थित थे।

सांसद श्रीमती जांगड़े ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने और समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनता को आवागमन में असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा कार्य पूर्ण होने के बाद स्थल




को पूर्व स्थिति में लाना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है।

सांसद श्रीमती जांगड़े ने बालिका विद्यालयों में शौचालय निर्माण को प्राथमिकता देते हुए कहा कि छात्राओं की सुविधा और स्वच्छता सर्वोपरि है। जहां निर्माण कार्य अधूरा है, उसे शीघ्र पूर्ण कर उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जाए। राशन दुकानों की संख्या बढ़ाने के संबंध में उन्होंने दूरस्थ एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए, ताकि हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न मिल सके। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत अधिक से अधिक मजदूरी मूलक कार्य स्वीकृत कर ग्रामीणों को व्यापक स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कृषि आरडीएसएस अंतर्गत लाइन विस्तार एवं ट्रांसफार्मर उन्नयन कार्यों की समीक्षा की गई। जांजगीर क्षेत्र में 132 केव्ही विद्युत उपकेंद्र की स्थापना के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया।

सांसद ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं खाद उपलब्ध कराने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से संतुलित उर्वरक उपयोग हेतु जागरूक करने और ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार से अधिकाधिक किसानों को जोड़ने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत समय पर पंजीयन एवं दावा निराकरण सुनिश्चित करने तथा धान के अलावा दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों को प्रोत्साहन देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सिंचाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नहरों से समय पर पानी छोड़ने और निस्तारी हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त नहरों की शीघ्र मरम्मत कराने को कहा गया। उन्होंने पशुपालन एवं डेयरी विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए पशुओं के टीकाकरण, दुग्ध उत्पादन वृद्धि और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा करते हुए सांसद ने निर्देश दिए कि जहां आंगनबाड़ी केंद्र किराए या अनुपयुक्त भवनों में संचालित हो रहे हैं, वहां प्राथमिकता से नए भवन स्वीकृत कर शीघ्र निर्माण कराया जाए।

### अनमोल वचन......

**हर दिन एक नई शुरुआत होती है, इसे खास बनाएं।**

# अमेरिका से ट्रेड डील

पीयूष गोयल के मुताबिक ट्रेड डील में रूसी तेल का मुद्दा नहीं है। इसलिए इस पर विदेश मंत्रालय से पूछा जाना चाहिए। विदेश मंत्री गोयल से पूछने की सलाह दे चुके हैं। प्रधानमंत्री से तो स्पष्टीकरण की अपेक्षा ही नहीं है। अमेरिका से ट्रेड डील में रूसी तेल के मुद्दे को शामिल करने से भारत को आर्थिक के साथ-साथ प्रतिष्ठा का इतना बड़ा नुकसान हुआ है कि नरेंद्र मोदी सरकार के मंत्री इसकी जवाबदेही एक दूसरे पर टालने की जुगत में दिखे हैं। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक उन्होंने जो डील की, उसमें यह मुद्दा नहीं है, इसलिए इस बारे में विदेश मंत्रालय से पूछा जाना चाहिए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस बारे में गोयल से पूछने की सलाह दे चुके हैं। प्रधानमंत्री चूंकि असहज करने वाले सवालों पर कभी कुछ नहीं बोलते, इसलिए उनसे कोई स्पष्टीकरण मिलने की संभावना वैसे भी नहीं है।

ये सच है कि ट्रेड डील से संबंधित साझा बयान में इस मसले का जिक्र नहीं है। लेकिन साझा बयान जारी होने के साथ ही व्हाइट हाउस ने अलग विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारत रूसी तेल की खरीदारी रोकने पर राजी हुआ है। यह भी बताया कि भारत कहीं चोरी-छिपे तेल ना खरीद ले, इसकी निगरानी अमेरिका के तीन मंत्री करेंगे। भारत सरकार के किसी मंत्री या अधिकारी ने इस अमेरिकी एलान का खंडन नहीं किया। उलटे मंत्री इसकी जवाबदेही दूसरे पर टालते दिखे हैं। इसलिए इसे ट्रेड डील का हिस्सा मान लिया गया है और बाजार में उसका असर दिखने लगा है। पहली मार गुजरात के वाडीनगर में स्थित नायरा रिफाइनरी पर पड़ती दिखी है।

रूस की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी रोसनेफ्त की इसमें सबसे बड़ी शेयरहोल्डिंग है। इसमें अधिकतर रूस से आए कच्चे तेल का शोधन किया जाता है। लेकिन अब अमेरिका से ट्रेड डील के बाद इस रिफाइनरी का चलना लगभग नामुमकिन हो जाएगा। तो ये चर्चा शुरू हो गई है कि रोसनेफ्त के शेयर खरीद कर कोई भारतीय कंपनी इसकी मालिक बनेगी और फिर वह अन्य स्रोतों से आए तेल का शोधन करेगी। अनुमान है कि यह तेल अधिकांशतः अमेरिका से आएगा। मगर यह महंगा सौदा है। अमेरिका से तेल ऊंचे भाव में मिलेगा। परिवहन खर्च पर बड़ी कीमत चुकानी होगी। उधर अमेरिकी दबाव में आने के कारण अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को पहुंची हानि अलग है। इसीलिए इसकी जवाबदेही पर मुंह छिपाने की जरूरत पड़ी है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपको लाभ दिलाने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं का रास्ता आज ढूंढ लेंगे। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगायेंगे। आप किसी सामाजिक काम में अपना सहयोग करेंगे। इस राशि के सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन व्यस्तता से भरा होगा। किसी काम में की गई मेहनत जरूर सफल होगी। नए व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा आज फायदेमंद रहेगी।

**वृष राशिः** आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया मिलेगा। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे। आपके क्रोध से बना हुआ काम बिगड़ भी सकता है, इसलिए आपको अपने गुस्से पर पूरा कण्ट्रोल रखना चाहिए। खुद को मानसिक रूप से फिट रखने के लिये आपको मैडिटेशन की हैबिट डालनी चाहिए।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन बहुत शुभ रहेगा। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। आर्ट स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा, ज्यादा समय अध्ययन में गुजरेगा। सुबह के समय वर्क आउट शुरू करने से आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे। आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर मिलेंगे। सामाजिक स्तर पर आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में.. आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर के क्षेत्र में भी आपको अपने गुरु का सहयोग मिलेगा आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आपका कॉन्फिडेंस आपको सक्सेस दिलाने में मदद करेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम सफल होगा। आज घर के बड़े-बुजुर्ग की सेवा करने से आपको अच्छा महसूस होगा। रिश्तेदारों में आपकी तारीफ होगी। आज आपको अपनी मनपसंद चीज मिल सकती है। अपनी सेहत को ठीक रखने के लिये आज आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए, मौसमी सब्जियों का प्रयोग आपको स्वस्थ बनाये रखने में मदद करेगा।

**कन्या राशिः** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में भी सक्षम रहेंगे। आप अपने काम व जीवन के बीच बैलेंस बनाये रखेंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन थोड़ा व्यस्तता से भरा हो सकता है। आप पिछले छूटे कामों को पूरा करने में बिजी रहेंगे। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचना चाहिए। साथ ही किसी भी तरह का बड़ा निवेश करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह लेना बेहतर रहेगा। इस राशि की बिजनेस वोमेन बड़ी डील फाइनल कर सकती हैं। फिजिक्स स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियाँ लाया है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सामंजस्य बना रहेगा। बच्चों के लिए आज का दिन बढ़िया है।

**धनु राशिः** आज आपका दिन रोज की अपेक्षा ज्यादा अच्छा रहेगा। व्यापार के क्षेत्र में थोड़ी मुश्किलों के बाद.. लाभ का योग बना रहेगा। बेवजह की भाग दौड़ से बचें। आध्यात्मिकता की ओर आपका रुझान होगा। आपके अच्छे काम से उच्चाधिकारी खुश होंगे। घर पर मेहमानों का आगमन होगा। आज करियर में आपको बड़ी सफलता हासिल होगी। महिलाएँ अपने बच्चों के साथ बेहतर समय बिताएगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को सफलता के लिए शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार कर सकते हैं। आज आपके काम करने की कला से लोग आपसे प्रभावित होंगे।

**कुम्भ राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा।

**मीन राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। बेरोजगारों को रोजगार के अच्छे अवसर मिलेंगे। आज दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी। धन से जुड़ी चिंताएं छूमंतर हो जाएगी। साथ ही कहीं रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। आज कार्यक्षमता के बल पर आपको आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे। नींद पूरी होने के कारण आप शारीरिक रूप से बेहतर महसूस करेंगे।

# शी-बॉक्स पोर्टलः कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा का डिजिटल कवच

//सावित्री ठाकुर//

**भारत जब 2047 में अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, तब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने महिला-नेतृत्वित विकास को राष्ट्रीय प्रगति का केंद्र बिंदु बनाया है। महिलाओं की समावेशी आर्थिक वृद्धि में निर्णायक भूमिका को स्वीकार करते हुए सरकार ने ऐसा सुरक्षित, सम्मानजनक और संवेदनशील कार्य वातावरण तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया है, जिससे महिलाएं आत्मविश्वास के साथ कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ सकें। इसी दिशा में कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ के रूप में कार्य करता है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते एक दशक में महिला सशक्तिकरण को केवल एक नारा नहीं, बल्कि नीति, संरचना और प्रभावी क्रियान्वयन का विषय बनाया है। नारी शक्ति को राष्ट्र की उन्नति का आधार मानते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में व्यापक संस्थागत सुधार किए गए हैं। इसी दूरदर्शी दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण और व्यावहारिक उदाहरण है महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में प्रारंभ किया गया शी-बॉक्स पोर्टल, जो कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और न्याय तक सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक सशक्त डिजिटल मंच के रूप में उभरा है।

आज भारत में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3त्न से बढ़कर 2023-24 में 41.7त्न हो गई। सरकारी और निजी क्षेत्रों के साथ-साथ स्टार्टअप्स, सेवा क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य और असंगठित क्षेत्रों में भी महिलाएँ बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। ऐसे में यह अनिवार्य हो जाता है कि कार्यस्थल सुरक्षित, सम्मानजनक और भय-मुक्त हों। कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पॉश अधिनियम) इसी उद्देश्य से बनाया गया था। मोदी सरकार ने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए डिजिटल गवर्नेंस के तहत शी-बॉक्स पोर्टल को 29 अगस्त 2024 को तकनीकी सुधारों के साथ पुनः लॉन्च किया, जिससे यह अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल और पारदर्शी बन सके।

यह पोर्टल देशभर में गठित आंतरिक समितियों और स्थानीय समितियों से संबंधित सूचनाओं का एक केंद्रीकृत भंडार प्रदान करता है।

शी-बॉक्स पोर्टल का उन्नत संस्करण महिलाओं को सीधे संबंधित आईसी या एलसी के पास शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है। इससे शिकायत प्रक्रिया में होने वाली देरी और अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप में कमी आती है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक भी कर सकती हैं। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह मंच सरकारी या निजी, संगठित या असंगठित - हर क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं के लिए समान रूप से सुलभ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार की महिला सुरक्षा की नीति किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि समावेशी है। प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया विज़न के अनुरूप, शी-बॉक्स महिलाओं को सुरक्षित, सरल और गोपनीय तरीके से शिकायत दर्ज करने और उसकी प्रगति ट्रैक करने की सुविधा देता है। पोर्टल पर दर्ज की गई शिकायत सीधे संबंधित कार्यस्थल की आंतरिक समिति या जिले की स्थानीय समिति तक पहुँचती है। गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है कि आंतरिक समिति की अध्यक्ष के अलावा कोई अन्य व्यक्ति शिकायत का विवरण नहीं देख सकता, जिससे पीड़िता की पहचान सुरक्षित रहती है।

पॉश अधिनियम के तहत सरकार का दायित्व है कि वह शिकायतों से संबंधित आंकड़ों का संधारण और निगरानी करे। इस अधिनियम के अंतर्गत किसी भी शिकायत की जाँच के लिए 90 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिसका पालन सुनिश्चित करने में शी-बॉक्स पोर्टल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समयबद्ध निपटारे को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा डैशबोर्ड अलर्ट, ईमेल और मेसेज के माध्यम से नियमित रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। यह सक्रिय प्रणाली मोदी सरकार की उत्तरदायित्व और परिणाम आधारित शासन की सोच को दर्शाती है।

शी-बॉक्स की प्रभावशीलता में नोडल अधिकारियों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक कार्यस्थल पर नियुक्त नोडल अधिकारी, नियोक्ता, आंतरिक/स्थानीय समिति और शिकायतकर्ता के बीच समन्वय स्थापित करते हैं। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि शिकायतें केवल दर्ज न हों, बल्कि उन पर समय पर और नियमानुसार कार्रवाई भी हो।

महिला-केंद्रित नीतियों के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो आज देश में 10 करोड़ से अधिक महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, और लखपति दीदी जैसी पहल के माध्यम से लाखों महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं नमो ड्रोन दीदी जैसी अभिनव योजनाएँ महिलाओं को आधुनिक तकनीक, कृषि सेवाओं और उद्यमिता से जोड़ते हुए उन्हें नए और औपचारिक कार्यक्षेत्रों में प्रवेश का अवसर दे रही हैं। ऐसे में जब बड़ी संख्या में महिलाएँ पहली बार संगठित और औपचारिक कार्यस्थलों का हिस्सा बन रही हैं, शी-बॉक्स जैसे प्लेटफॉर्म उन्हें यह भरोसा देते हैं कि सरकार उनके साथ खड़ी है - न केवल कानून बनाकर, बल्कि उसे ज़मीन पर प्रभावी और जवाबदेह ढंग से लागू करके।

बहुभाषी समर्थन, रीयल-टाइम ट्रैकिंग और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से शी-बॉक्स पोर्टल कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को केवल एक कानूनी प्रावधान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे एक व्यवस्थित, भरोसेमंद और जवाबदेह संस्थागत ढांचे में परिवर्तित करता है।

शी-बॉक्स वास्तव में एक दूरदर्शी विज़न का सशक्त प्रतिबिंब है, जहाँ नारी शक्ति को भय से मुक्त कर, सम्मान और आत्मविश्वास के साथ कार्यस्थलों में आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है, ताकि महिलाएँ अपनी पूरी क्षमता के साथ विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें।

# क्या शबाना महमूद ब्रिटेन की प्रधानमंत्री बनेंगी?

//डॉ. सुधीर सक्सेना//

**वह सुदर्शना है। सुशिक्षिता है। युवा और अनुभवी हैं। तत्पर और प्रत्युत्पन्नमति हैं। संसद और बाहर वह मुखर है। कलुष के बेदब दौर में उनकी छवि बेदाग और उजली है। इतनी खूबियों से सुसज्ज शबाना महमूद इन दिनों सुर्खियों में हैं। संप्रति वह ब्रिटेन की सेक्रेट्री फार द होम यानि गृहमंत्री है। एप्सटीन फाइल्स के जेरे-बहस दौर में इस आशय की अटकलों का सब्जा दरो-दीवार और मुंडेरों पर उग आया है कि क्या वह ब्रिटेन की प्रधानमंत्री होंगी। फिलहाल उनके और प्रधानमंत्री पद के दरम्यान एक सोपान का फासला है। यदि वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो वह एशियाई मूल की दूसरी और मुस्लिम संप्रदाय की पहली महिला होंगी। भारतीय मूल के ऋषि सूनक इसके पूर्व ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पद संभाल चुके है, जबकि शबाना पाकिस्तानी मूल की नेत्री है।**

लोकतंत्र के जनक ब्रिटेन में इन दिनों कुख्यात एप्सटीन फाइल्स को लेकर बावेला मचा हुआ है। कई राजनेता पद त्याग को बाध्य हुये हैं। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पर भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। यदि दबाव अधिक बढ़ा तो मजबूरन उन्हें इस्तीफा देना पड़ सकता है। इस कयास के मद्देनजर शबाना महमूद के पीएम बनने की संभावना प्रबल है। 45 वर्षीया शबाना सत्तारुढ़ ब्रिटिश लेबर पार्टी की सदस्या और बैरिस्टर हैं। वह पहले पहल सन 2010 में मई के आमचुनाव में बर्मिंघम लेडीवुड से एमपी चुनी गयी थीं। तदंतर वह चुनावों में लगातार विजयी हुई। जीत की हैटट्रिक बना चुकी शबाना ब्रिटिश लेबर पार्टी की अग्रणी नेताओं में शुमार हैं। सन 2024-25 में सेकेट्री फार जस्टिस यानि न्यायमंत्री रहने के बाद गत वर्ष उन्हें गृह जैसा महत्वपूर्ण महकमा सौंपा गया।

17 सितंबर, सन 1980 को बर्मिंघम में जनमी शबाना के परिवार की जड़े पाकअधिकृत काशमीर में मीरपुर में है। माँ जुनेदा और पिता महमूद अहमद की संतान शबाना के दो भाई और एक बहन है। अनमें एक उनका जुड़वा भाई है। सन 1981 से 1986 तक वह परिवार के साथ सऊदी अरब तैफ में रहीं जहां उनके पिता सिविल इंजीनियर थे।

उसके बाद परिवार बर्मिंघम चला आया। पिता जहाँ लेबर गर्टी से जुड़ गये, वहीं मां स्वयं की सुविधा-शॉप का संचालन करने लगीं 11वीं कक्षा में अनुतीर्ण रहने पर वह स्माल हीथ स्कूल और किंग एडवर्ड षष्टम कैंप हिल स्कूल में पढ़ीं। अंततः उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के अंतर्गत लिंकन कॉलेज से कानून में उपाधि हासिल की। पूर्व पीएम ऋषि सूनक कॉलेज में उनसे एक दर्जा आगे थे और शबाना जूनियर कॉमन रूम के चुनाव में ऋषि ने उन्हें वोट देने का वायदा किया था।

युवा शबाना बर्मिंघम में पिता के राजनीतिक कार्यों में हाथ तो बंटाती थीं, अलबत्ता उनकी ख्वाहिश थी कि वह बैरिस्टर बने। उनकी यह ख्वाहिश पूरी हुई। सन 2010 में जब निवर्तमान सांसद क्लेयर शार्ट ने बर्मिंघम से चुनाव लड़ने की अनिच्छा व्यक्त की तो शबाना ने दावेदारी की होड़ में याई मॉर्स्क्रटो को पीछे छोड़ दिया। इस द्वन्द ने इलाके में जातीय धड़ेवाजी को को बढ़ावा दिया, वह फिलिस्तीन समर्थक और इस्त्रायली उत्पादों के बहिष्कार की हिमायती नेत्री के तौर पर उभरीं। विवाद होने पर उन्होंने सतर्कतापूर्वक अपने पाँव पीछे खींच लिये, लेकिन इसने उनकी छवि जियोनिज्म (यहूदीवाद) विरोध की बना दी। वह इस्लाम में गहरी आस्था के लिये भी जानी गयीं और उन्होंने इसे कभी छुपाया नहीं। शबाना, रोशनआरा अली और यास्मीन कुरैशी की तिकड़ी ने बीते दशक में खासी शोहरत कमाई। लेबर नेता जेरेमी कार्बिन्स से मतभेदो को उन्होंने कभी छिपाया नहीं और साहसपूर्वक दायित्व संभालने की पेशकशों को ठुकरा दिया। बहरहाल, सितंबर 2023 में कीर स्टार्मर ने उन्हें शैडो सेक्रेट्री बनाया। सन 2024 के आम चुनाव में उनका मुकाबला निर्दलीय अखमेद याकूब से हुआ, लेकिन वह विजयी रहीं। जुलाई, 2024 उनके लिये नेमत लेकर आई, जब स्टार्मर ने उन्हें न्याय सचिव और लार्ड चांसलर बनाया। इस ओहदे को संभालने वाली वह तीसरी महिला और पहली मुस्लिम थीं।

शबाना दो टूक कहती हैं कि इस्लाम उनका अपना धर्म है और अन्य इस्लाम धर्मावलंबियों की भांति उनके जीवन में आस्था महत्त्वपूर्ण तत्त्व है। यह तत्व उनके समस्त कार्यों का प्रेरक है। अवैध आव्रजन को लेकर शबाना की भावभंगिमा कठोर है और वह अवैध आव्रजकों और दंगाइयों से कठोरता से निपटने में यकीन रखती हैं। उन्हें ब्रिटिश लेबर पार्टी के अनुदार नीले (ब्लू) धड़े की मेंबर के तौर पर देखा और जाना जाता है। एप्सटीन फाइल्स के नामों के उजागर होने के बाद जिस तरह परिस्थितियां बदल रही है, उनसे यह कयास लगाया जा रहा है कि शबाना कल ब्रिटेन की पहली मुस्लिम महिला प्रधानमंत्री हो सकती है

# परीक्षाएँ नहीं, सीखना है जीवन का लक्ष्य

आज के समय में परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच अत्यधिक चिंता और तनाव का वातावरण देखने को मिलता है। अक्सर अंकों को ही सफलता का एकमात्र मापदंड मान लिया जाता है, जबकि वास्तविकता यह है कि परीक्षाएँ जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, बल्कि सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण मात्र हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर भी परीक्षा पे चर्चा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि परीक्षा को बोझ नहीं, बल्कि एक अवसर के रूप में देखा जाए। विद्यार्थियों को यह समझने की आवश्यकता है कि परीक्षा उनके ज्ञान, समझ और आत्मविश्वास को परखने का माध्यम है, न कि उनकी संपूर्ण क्षमता का अंतिम निर्णय। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में केवल अच्छे अंक ही सफलता की गारंटी नहीं हैं। समय की मांग है कि विद्यार्थियों का ध्यान अंकों के साथ-साथ कौशल विकास पर भी केंद्रित हो। संचार कौशल, समस्या समाधान क्षमता, रचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और तकनीकी दक्षता जैसे जीवन कौशल विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। नई शिक्षा नीति और सीबीएसई भी अब इसी दिशा में कार्य करते हुए अनुभवात्मक शिक्षण, प्रोजेक्ट आधारित अधिगम और व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष बल दे रहे हैं। अभिभावकों और शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को केवल अधिक अंक लाने के दबाव में न रखें, बल्कि उनकी रुचियों और क्षमताओं को पहचानकर उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में सीखने और आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करें। वास्तव में, अंक सफलता का एक हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन कौशल ही जीवन में स्थायी सफलता का आधार बनते हैं।

परीक्षा के समय विद्यार्थियों पर सबसे अधिक प्रभाव घर और विद्यालय के वातावरण का पड़ता है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों की तुलना अन्य विद्यार्थियों से न करें। तुलना से आत्मविश्वास कम होता है और तनाव बढ़ता है। इसके स्थान पर बच्चों को प्रोत्साहित करें, उनकी मेहनत की सराहना करें और सकारात्मक माहौल प्रदान करें। विद्यालयों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे केवल परीक्षा परिणाम पर ही ध्यान न दें, बल्कि बच्चों के समग्र विकास पर कार्य करें। खेल, योग, ध्यान और सह-पाठयक्रम गतिविधियाँ विद्यार्थियों के मानसिक संतुलन और एकाग्रता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

आज के डिजिटल युग में विद्यार्थियों का काफी समय मोबाइल और सोशल मीडिया पर व्यतीत होता है, जो उनकी एकाग्रता और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। परीक्षा के समय विशेष रूप से डिजिटल उपकरणों का सीमित और उद्देश्यपूर्ण उपयोग आवश्यक है।

संतुलित दिनचर्या – पर्याप्त नींद, पौष्टिक आहार, नियमित अध्ययन, छोटे-छोटे ब्रेक, योग और ध्यान – विद्यार्थियों को तनावमुक्त और ऊर्जावान बनाए रखने में सहायक होती है।

नई शिक्षा नीति और सीबीएसई की मूल्यांकन प्रणाली भी अब केवल रटने की प्रवृत्ति से आगे बढ़कर समझ, विश्लेषण, रचनात्मकता और व्यवहारिक ज्ञान पर जोर दे रही है। इसलिए विद्यार्थियों को केवल अंक प्राप्त करने के बजाय विषय को समझने और जीवन में उसके उपयोग पर ध्यान देना चाहिए। जीवन में सफलता केवल परीक्षा के अंकों से तय नहीं होती। आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, अनुशासन और निरंतर सीखने की आदत ही वास्तविक सफलता की कुंजी हैं।

विद्यार्थियों की सफलता के लिए अभिभावक, शिक्षक और विद्यालय के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। यदि तीनों मिलकर बच्चों का मार्गदर्शन करें, उन्हें प्रेरित करें और उनका मनोबल बढ़ाएँ, तो कोई भी चुनौती कठिन नहीं रह जाती। परीक्षा जीवन की यात्रा का एक पड़ाव है, मंजिल नहीं। इसे डर या दबाव के रूप में नहीं, बल्कि सीखने, आत्ममूल्यांकन करने और आगे बढ़ने के अवसर के रूप में स्वीकार करना चाहिए। हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि बच्चों को ऐसा वातावरण मिले जहाँ वे बिना भय के सीख सकें, सोच सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें।आइए, हम सब मिलकर यह संदेश फैलाएँ –परीक्षा बोझ नहीं, अवसर है; अंक नहीं, सीख ही असली सफलता है।

## तस्वीरों की दुनिया



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इंडस्ट्री लीडरशिप कॉन्क्लेव 2026 में शामिल हुए।



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने यूनाइटेड स्टेट्स इंडो-पैसिफिक कमांड के कमांडर एडमिरल सैमुअल जॉन पापारो जूनियर के साथ बातचीत की। दूसरे अधिकारी भी दिख रहे हैं।



मणिपुर के सिविल सोसाइटी ऑर्गनाइज़ेशन के सदस्यों ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व सीईओ बिल गेट्स और अन्य लोगों के साथ, आंध्र प्रदेश के अमरावती में एक मीटिंग के दौरान।



इंडियन नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी (दाएं) नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक लॉन्स में हेलेनिक नेवी चीफ वाइस एडमिरल दिमित्रियोस-एलेफथेरियोस कटारस का स्वागत करते हुए।



राजस्थान के भिवाड़ी के खुशखेड़ा-करौली इंडस्ट्रियल एरिया में एक केमिकल फैक्ट्री की बिल्डिंग में आग लगने के बाद फायरफाइटर्स और लोकल लोग।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेंगलुरु में डीआरडीओ के गैस टर्बाइन रिसर्च एस्टैब्लिशमेंट (जीटीआरई) का दौरा कियाद्ध।

# एआई समिट के चलते वीवीआईपी मूवमेंट से ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित, 12 से अधिक जगहों पर जाम, लोगों को हुई परेशानी



**नईदिल्ली, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

राजधानी में सोमवार को एआई समिट के पहले दिन वीवीआईपी मूवमेंट ने ट्रैफिक व्यवस्था दिनभर प्रभावित रही। सुबह से ही नई दिल्ली जिले की प्रमुख सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, जाम का दायरा फैलता चला गया। हालात इतने बदतर हो गए कि देर शाम तक ट्रैफिक कंट्रोल रूम को जाम की 12 से अधिक काल्स मिलीं, जिनमें अधिकांश शिकायतें नई दिल्ली इलाके से दर्ज की गईं। इंटरनेट मीडिया पर भी लोगों ने अपनी परेशानी साझा करते हुए प्रशासन से जल्द राहत दिलाने की मांग की।एआई के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने पहले से एडवाइजरी जारी कर लोगों से वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की अपील की थी, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर न के बराबर नजर आया। सोमवार सुबह से ही वीवीआईपी मूवमेंट के चलते कई मार्गों पर बैरिकेडिंग कर दी गई, जिससे सामान्य ट्रैफिक पर अचानक दबाव बढ़ गया। इसका सीधा असर भैरों मार्ग, शाहजहां रोड, मथुरा रोड और सी-हेक्सागन जैसे प्रमुख मार्गों पर देखने को मिला, जहां वाहन घंटों रेंगते रहे। कई स्थानों पर महज कुछ किलोमीटर का सफर तय करने में लोगों को आधे घंटे से भी अधिक समय लग गया। जाम की मार सिर्फ नई दिल्ली जिले तक सीमित नहीं रही, बल्कि सेंट्रल जिले के इलाकों में भी ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। आफिस टाइम के दौरान हालात और भी बिगड़ गए, जब एक साथ बड़ी संख्या में वाहन सड़कों पर उतर आए। कई चौराहों पर ट्रैफिक पूरी तरह थम सा गया, जिससे वाहन चालकों की झुंझलाहट खुलकर सामने आई। स्थिति तब और जटिल हो गई, जब अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे क्रिकेट मैच को देखने पहुंचे दर्शकों ने सड़कों के किनारे अव्यवस्थित पार्किंग कर दी। इससे सड़क की चौड़ाई घट गई और ट्रैफिक का दबाव कई गुना बढ़ गया। कई जगहों पर वाहन चालक अपनी गाड़ियों से उतरकर ट्रैफिक पुलिस से जाम खुलवाने की गुहार लगाते नजर आए। हालांकि कई पाइंट्स पर ट्रैफिक कर्मी मुस्तैदी से जाम खुलवाने में जुटे रहे, लेकिन कुछ स्थानों पर उनकी कमी के चलते हालात और बिगड़ गए। शाम ढलते-ढलते जाम ने विकराल रूप ले लिया और घर लौट रहे लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ गईं।

## मुस्लिम विधायक के मंदिर जाने पर विवाद, भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोमूत्र से किया शुद्धिकरण

**रहीमाबाद 17 फरवरी।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के सिल्लोड स्थित एक मंदिर में दर्शन के लिए शिवसेना के मुस्लिम विधायक एवं पूर्व मंत्री अब्दुल सत्तार के प्रवेश करने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोमूत्र से मंदिर का शुद्धिकरण किया। महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को विधानसभा क्षेत्र सिल्लोड के रहीमाबाद स्थित शिव मंदिर में मुस्लिम विधायक के जाने का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिस पर भाजपा और अन्य संगठनों ने विरोध जताया है। मंदिर के शुद्धिकरण की बात भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुई। भाजपा की सिल्लोड इकाई के प्रमुख मनोज मोरेलू ने सोमवार को दावा किया कि सत्तार गोमांस खाते हैं और उन्होंने मंदिर की पवित्रता को भंग किया है।

# 95 चुनाव हारने का रिकॉर्ड कांग्रेसी भी नहीं मानते नेता

## राहुल गांधी पर बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कसा तंज



**नईदिल्ली, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

मणिशंकर अय्यर की धुआंधार टिप्पणियों पर केरल भाजपा ने भी कांग्रेस और राहुल गांधी की चुटकी ली। पार्टी ने कहा कि कांग्रेस का कोई भी सदस्य लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को गंभीरता से नहीं लेता और उन्हें अपना नेता भी नहीं मानता। इंडिया गठबंधन के साझेदार, चाहे वे तृणमूल कांग्रेस हो, सपा हो, सुप्रिया सुले हों या उमर अब्दुल्ला, सभी राहुल गांधी से दूरी बना रहे हैं।

भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने केवल मणिशंकर अय्यर ही नहीं, बल्कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने कथित तौर पर नारा दिया है- राहुल हटाओ, ममता को लाओ, इंडिया ब्लाक को बचाओ।

अब असम के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा ने भी पार्टी छोड़ दी है। पूनावाला ने कहा कि इससे एक चीज स्पष्ट है कि किसी को भी राहुल गांधी में भरोसा नहीं है। वह रिकार्ड 95 चुनाव हार चुके हैं। उनके पास कोई जनादेश नहीं है। उनके सहयोगी दल, चाहे वो तृणमूल कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी, सुप्रिया सुले हों या उमर अब्दुल्ला या हेमंत सोरेन, सभी राहुल गांधी से दूरी बना रहे हैं।इंडिया ब्लाक के लिए वह एक बोझ बनते जा रहे हैं। यही वजह है कि किसी को उनमें भरोसा नहीं रह गया है। वह जहां भी जाते हैं, चुनाव हार जाते हैं।

# बंगाल सरकार CISF जवानों से खाली कराए स्कूल, कोलकाता हाईकोर्ट का निर्देश



**कोलकाता ।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने सोमवार को बंगाल सरकार को कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कालेज और अस्पताल में सुरक्षा प्रदान करने में लगे सीआईएसएफ जवानों को 30 अप्रैल तक यहां के एक चीनी भाषा स्कूल से स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान एक साल से अधिक समय से स्कूल के 18 कमरों में रह रहे हैं। कोलकाता के पेई मेई चीनी भाषा स्कूल के अधिकारियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर मांग की थी कि चाइना टाउन स्थित उनकी संपत्ति में ठहरे सीआईएसएफ जवानों को परिसर खाली करने का आदेश दिया जाए ताकि कक्षाएं फिर से शुरू हो सकें।उन्होंने यह भी बताया था कि चीनी नव वर्ष 17 फरवरी को है और इसके लिए भी स्कूल परिसर को खाली करना होगा। भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने न्यायमूर्ति कृष्णा राव की अदालत के समक्ष कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 130 जवान, जो 18 कमरों में रह रहे थे, उन्होंने आठ कमरे खाली कर दिए हैं और उन्हें 10 कमरों में समायोजित किया गया है, जिसके कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और कुछ लोग बरामदे में सो रहे हैं। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि चीनी नव वर्ष उत्सव समाप्त होने के बाद और राज्य सरकार द्वारा आवश्यक व्यवस्था किए जाने तक, सीआईएसएफ जवानों को उन आठ कमरों में रहने की अनुमति दी जाए, जिन्हें उन्होंने नव वर्ष उत्सव के लिए खाली किया था। बंगाल सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त महाधिवक्ता अमल कुमार सेन ने बताया कि राज्य के अधिकारी 30 अप्रैल तक सीआईएसएफ जवानों को वैकल्पिक परिसर में समायोजित करने के लिए कदम उठाएंगे और केंद्रीय बल उस तारीख तक परिसर खाली कर देगा। मामले में पक्षों के वकीलों द्वारा प्रस्तुत दलीलों के बाद न्यायमूर्ति राव ने बंगाल सरकार को एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें यह कहा गया हो कि सीआईएसएफ जवानों को वैकल्पिक परिसर में समायोजित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और 30 अप्रैल तक स्कूल परिसर खाली कर दिया जाएगा।

## एस जयशंकर और कनाडाई विदेश मंत्री की मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगी नई गति

**म्यूनिख।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद ने अगले महीने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा से पहले म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के बीच सहयोग को गहरा करने और साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की। कनाडा के एक अधिकारी ने कहा है कि कार्नी संभवतः 1-2 मार्च को भारत में होंगे।सितंबर 2025 के बाद से दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यह पांचवीं बैठक है, जो कनाडा-भारत संबंधों में बढ़ती गति को दर्शाती है। दोनों मंत्रियों ने ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने पर चर्चा की। जयशंकर ने एक पोस्ट में कहा, कनाडा की विदेश मंत्री से मुलाकात और बातचीत करना बहुत अच्छा लगा। भारत-कनाडा संबंध लगातार प्रगति कर रहे हैं। वहीं, आनंद ने कहा, अपने भारतीय समकक्ष से मिलकर कनाडा-भारत संबंधों और साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए आगे के कार्यों पर चर्चा करना अच्छा लगा। आनंद ने कनाडा के लिए एक साझेदार के रूप में भारत के महत्व को रेखांकित किया, क्योंकि दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के व्यवसायों, उद्योगों और श्रमिकों के लिए तकनीकी लाभों और महत्वपूर्ण साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की।

# भाजपा नेता की शादी में कबाब में हड्डी बनी महिला वकील व्हाट्सएप चैट और फोटो वायरल होने के बाद मचा हड़कंप

**मुरादाबाद, 17 फरवरी [एजेंसी]।**



कुंदरकी क्षेत्र के भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्रजेश लोधी के घर के सामने बैठकर धरना देनी वाली महिला अधिवक्ता ने अब वाट्सअप पर दोनों के बीच हुई बातचीत के स्क्रीनशाट और दोनों के एक साथ मोबाइल खींचे गए फोटो प्रसारित किए है। महिला अधिवक्ता का कहना है कि दोनों के बीच आठ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा है। किसी और शादी नहीं होने दूंगी। उधर भाजपा नेता की 19 फरवरी में शादी होने वाली थी, लेकिन अब रिश्ता टूट गया है। भाजपा नेता भी महिला अधिवक्ता पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। महिला अधिवक्ता पूर्व में भाजपा नेता पर चार माह पहले दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा चुकी है।क्षेत्र के गांव नानपुर निवासी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्रजेश लोधी के घर पर शनिवार दोपहर रामपुर निवासी महिला अधिवक्ता पहुंच गई थी और भाजपा नेता को अपना प्रेमी बताते हुए धरने पर बैठ गई थी। शाम तक वह धरने पर बैठी रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर महिला अधिवक्ता को धरने से उठाया था। महिला अधिवक्ता का कहना है कि दोनों के बीच आठ साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। नेता ने शादी का वादा किया था, लेकिन अब वह दूसरी शादी करने जा रहा है। मैं अपने जीते जी उसे किसी और से शादी नहीं करने दूंगी। वह या तो मुझे अपनाए या मेरी हत्या कर दे महिला अधिवक्ता ने बताया कि इसने कई बार दुष्कर्म किया था। बाद में शादी करने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद चार माह पहले इसके खिलाफ कोतवाली में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन इसने शादी करने की बात कहते हुए समझौता कर लिया था। मंदिर में उसने मुझसे शादी की थी और समाज के सामने शादी का वादा किया था। लेकिन अब वह दूसरी युवती से शादी करने जा रहा है।

## विजय देवरकोंडा व रश्मिका मंदाना उदयपुर में करेंगे शादी, हैदराबाद में होगा रिसेप्शन



**उदयपुर।** तेलुगु सिनेमा के चर्चित सितारे विजय देवरकोंडा व रश्मिका मंदाना जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। खबरों के मुताबिक, दोनों उदयपुर में एक शाही लेकिन निजी समारोह में विवाह करेंगे, जिसके बाद हैदराबाद में एक भव्य रिसेप्शन आयोजित किया जाएगा। हालांकि, दोनों ने अपने शादी को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन इंटरनेट मीडिया पर रिसेप्शन के कार्ड की तस्वीरें प्रसारित होने के बाद इन चर्चाओं को बल मिला है। इस कार्ड के अनुसार शादी 26 फरवरी को होगी।बताया जा रहा है कि डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उन्होंने उदयपुर को चुना है। सूत्रों के अनुसार शादी से पहले की रस्में 24 फरवरी से शुरू हो सकती हैं। खास बात यह है कि इस समारोह में दोनों परिवारों की परंपराओं का सम्मान करते हुए तेलुगु व कूर्गी रीति-रिवाजों का मिश्रण देखने को मिलेगा।वहीं, रिसेप्शन 4 मार्च को हैदाराबाद के ताज कृष्णा होटल में होगा। इस समारोह में तेलुगु फिल्म जगत के बड़े सितारों के शामिल होने की संभावना है।

## सरकार कब पूरा करेगी वादा, पहलगाम हमले के पीड़ित की बेटी को 10 महीने बाद भी नहीं मिली सरकारी नौकरी

**मुंबई, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

पहलगाम की उस काली दोपहर को दस महीने बीत चुके हैं, लेकिन संतोष जगदाले के घर में समय जैसे वहीं ठहर गया है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुई आतंकी गोलीबारी में वे भी उन 26 लोगों में शामिल थे, जो इस हमले का शिकार बने। पीछे रह गई उनकी बेटी असावरी जगदाले और एक अधूरा वादा। घटना के बाद महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के छह पीड़ित परिवारों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और आश्रित को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की थी। उसी भरोसे पर असावरी ने अपने टूटे हुए मन को संभालने की कोशिश की थी। लेकिन दस महीने बाद भी वह नियुक्ति पत्र अब तक उसके हाथों तक नहीं पहुंचा। सोमवार को पुणे में मीडिया से बात करते हुए उसकी आवाज में दर्द साफ झलक रहा था। दस महीने पहले कहा गया था कि मुझे सरकारी नौकरी मिलेगीज् लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ, उसने धीमे स्वर में कहा। उसने बताया कि राज्यसभा सांसद मेधा कुलकर्णी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर राज्य सरकार के आश्वासन की याद दिलाई है। असावरी लगातार उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालयों के संपर्क में है, लेकिन हर बार जवाब सिर्फ इतना मिलता है कि मामले की प्रक्रिया जारी है। इस बीच घर की जमा-पूंजी धीरे-धीरे खत्म हो चुकी है।

# एआई तकनीक से बदलेगी हाइड्रोपोनिक खेती की सूरत, होगा 3 गुना अधिक उत्पादन

**नईदिल्ली, 17 फरवरी [एजेंसी]।**



देश के एक उद्यमी जिनकी एक दशक पहले सूखे के कारण पूरी फसल बर्बाद हो गई थी, अब कर्नाटक में महंगे मसाले और औषधीय पौधे उगाने के लिए एआई से लैस हाइड्रोपोनिक खेती में 214 करोड़ रुपये निवेश कर रहे हैं। हाइड्रोपोनिक खेती का मतलब बिना मिट्टी के, केवल पानी और पोषक तत्वों के घोल का उपयोग करके पौधे उगाना है। इस तकनीक में पानी में आवश्यक खनिजों को मिलाकर सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचाया जाता है, जिससे पौधे तेजी से बढ़ते हैं। मैंगलोर की पनामा हाइड्रो-एक्स के संस्थापक और सीईओ विवेक राज ने कहा कि कंपनी ने कई वर्षों तक शोध एवं विकास पर 146 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद चार पेटेंट वाली एआई प्रौद्योगिकी विकसित की हैं। एआई इंपैक्ट समिट के लिए यहां आए राज ने एक साक्षात्कार में बताया कि इस प्रौद्योगिकी में ऐसे प्रणाली शामिल हैं जो फसल की बीमारियों का प्रत्यक्ष लक्षण दिखने से पहले पता लगा सकती है और प्रकाश संश्लेषण के लिए अधिकतम कृत्रिम रोशनी दे सकती हैं। 40 वर्षीय राज ने कहा, हमें परीक्षण अवधि के दौरान अच्छे परिणाम मिले हैं और हमें ब्रिटेन, जर्मनी एवं आस्ट्रेलिया से अपनी एआई प्रौद्योगिकी के लिए पेटेंट मिले हैं। हम इसे बड़े पैमाने पर क्रियान्वित करेंगे। उनकी कंपनी ने कर्नाटक के मूडबिद्री में 16 एकड़ जमीन खरीद ली है, जहां वह वर्ष 2026 के आखिर तक हाइड्रोपोनिक खेती का बुनियादी ढांचा बनाएगी।

पहली वाणिज्यिक फसल जून, 2027 में आने की उम्मीद है। योजना पांच-पांच एकड़ में केसर व अदरक और बाकी छह एकड़ में हल्दी व अश्वगंधा सहित नौ औषधीय पौधे उगाने की है। केसर व अदरक को कास्मेटिक और दवा कंपनियों को निर्यात किया जाएगा, जबकि औषधीय फसलें देश में बेची जाएंगी। राज ने बताया कि परीक्षण के दौरान एआइ से लैस हाइड्रोपोनिक खेती से हर एकड़ में 1,200 बैग (प्रति बैग 60 किलोग्राम) अदरक का उत्पादन हुआ, जबकि पारंपरिक खेती से 400 बैग का उत्पादन होता था।

## युवती को जबरन कार में खींचकर की छेड़खानी, पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**कोलकाता, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

कोलकाता के कसबा इलाके में एक युवती को जबरन कार में खींचकर छेड़खानी किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार रात करीब 11 बजे कसबा थाना क्षेत्र के न्यू बालीगंज रोड पर हुई बताई जा रही है। पीड़िता ने शनिवार को कसबा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने पांच आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शिकायत के अनुसार, काले रंग की एक चारपहिया गाड़ी युवती के सामने आकर रुकी और उसमें सवार कुछ युवकों ने उसे जबरन कार में खींच लिया। आरोप है कि कार के भीतर उसके साथ छेड़खानी की गई। पीड़िता ने पांच लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिनमें से दो के नाम स्पष्ट रूप से बताए गए हैं, जबकि तीन अन्य अज्ञात हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# मेहनत की कमाई गंवाने वालों की रक्षा करे सरकार साइबर अपराध पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी



**नईदिल्ली, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार को ऐसे लोगों को जागरूक करना चाहिए, मुआवजा देना चाहिए और उनकी सुरक्षा के लिए प्रयास करना चाहिए, जिन्होंने साइबर धोखाधड़ी में अपनी मेहनत की कमाई गंवा दी है। स्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की जब उन्होंने म्यूल बैंक खातों का निर्माण कर उन्हें साइबर अपराधियों को बेचने के एक आरोपित परमजीत खरब को जमानत दे दी। म्यूल बैंक अकाउंट एक ऐसा अकाउंट होता है जिसका इस्तेमाल साइबर ठग हड़पी गई रकम को ट्रांसफर कराने के लिए करते हैं। जस्टिस नागरत्ना ने अतिरिक्त सालिसिटर जनरल (एएसजी) एसडी संजय से कहा कि सरकार और पुलिस को कमजोर पीड़ितों विशेषकर बुजुर्गों की सुरक्षा और मुआवजे के लिए कदम उठाने चाहिए।पीठ ने कहा- लोगों को शिक्षित करें। टीवी और रेडियो पर रिकार्डिंग चलाएं कि ये साइबर अपराधी कैसे काम करते हैं। ये मुख्यत : बुजुर्गों को निशाना बनाते हैं। एएसजी संजय ने कहा कि ये साइबर अपराधी बहुत शातिर होते हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार ने संचार साथी एप लांच किया है, जहां लोग किसी भी साइबर अपराध या चोरी हुए मोबाइल फोन की रिपोर्ट कर सकते हैं। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा- लोगों को दिखाएं कि ये ठग कैसे काम करते हैं। उन्हें साइबर सुरक्षा की शिक्षा दें। पीठ ने मार्च 2024 से हिरासत में चले रहे आरोपित खरब को यह देखते हुए जमानत दे दी कि अन्य सह आरोपितों को पहले ही राहत दी जा चुकी है। संजय ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि आरोपित कई राज्यों में साइबर अपराधों में शामिल है।खरब के वकील ने कहा कि अन्य सह-आरोपियों को जमानत मिल चुकी है और वह मार्च 17, 2024 से जेल में है। सुप्रीम कोर्ट पहले से ही डिजिटल गिरफ्तारी के मामलों की सुनवाई कर रहा है, जिसमें हरियाणा के एक बुजुर्ग दंपती ने साइबर अपराधियों द्वारा धोखाधड़ी का शिकार होने की शिकायत की थी।

# हमें बताएं आप क्या नया कानून लाना चाहते हैं? ट्रिब्यूनल सुधारों पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा पूरा प्लान



**नईदिल्ली, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

देश में अर्ध-न्यायिक निकायों की गिरती स्थिति और कार्यप्रणाली पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को सख्त निर्देश दिए हैं।चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने केंद्र से कहा कि वह देश भर के सभी न्यायाधिकरणों के प्रबंधन के लिए चार सप्ताह के भीतर एक व्यापक और समान प्रस्ताव पेश करे। संस्थानों की स्वायत्तता व ढांचागत संकट पीठ मद्रास बार एसोसिएशन के लंबे समय से लंबित मामले की सुनवाई कर रही थी। यह मामला न्यायाधिकरणों की स्वतंत्रता और संरचनात्मक अखंडता पर केंद्रित था। पीठ ने रिक्तियों के संकट और एक सुव्यवस्थित विधायी ढांचे की कमी पर चिंता जताई, जिसके कारण कई न्यायाधिकरण वर्तमान में अधर में लटके हुए हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से कहा कि सरकार को पिछले न्यायिक आदेशों के अनुरूप कार्य करना चाहिए। सीजेआई ने स्पष्ट शब्दों में कहा, संस्थानों को निष्क्रिय न होने दें। हमारे सामने एक ऐसा समग्र प्रस्ताव लाएं जो सभी न्यायाधिकरणों को कवर करता हो। हमें बताएं कि क्या आप नया कानून लाना चाहते हैं या मौजूदा कानूनों में व्यापक संशोधन करना चाहते हैं। तत्काल समाधान के लिए अंतरिम निर्देश सुनवाई के दौरान अटार्नी जनरल ने रिक्तियों को तत्काल भरने और कामकाज को सुचारू बनाए रखने के लिए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण का सुझाव दिया। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि वर्तमान अध्यक्षों को तब तक सेवा में बने रहने की अनुमति दी जाए जब तक वे सेवानिवृत्ति की आयु तक नहीं पहुंच जाते या नई चयन प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। कोर्ट ने इस सुझाव को स्वीकार करते हुए वित्तीय न्यायाधिकरणों को चालू रखने के लिए अंतरिम आदेश पारित किए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जस्टिस राजेश खरे ऋण वसूली अपीलीय न्यायाधिकरण (डीआरएटी) के अध्यक्ष के पद पर अगले आदेश तक बने रहेंगे। इसी तरह, कोलकाता डीआरएटी के अध्यक्ष को भी सेवा विस्तार दिया गया है ताकि संस्थान को निष्क्रिय होने से बचाया जा सके। यह मामला नवंबर 2021 के उस फैसले से जुड़ा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल रिफार्म्स कानून 2021 के उन प्रमुख प्रविधानों को रद कर दिया था, जो नियुक्तियों और सेवा शर्तों से संबंधित थे। कोर्ट ने तब स्पष्ट किया था कि संसद केवल मामूली बदलावों के साथ पुराने निर्णयों को फिर से लागू करके न्यायिक फैसलों को दरकिनार नहीं कर सकती।कोर्ट ने पूर्व में 50 वर्ष की न्यूनतम आयु सीमा और चार वर्ष के निश्चित कार्यकाल जैसे प्रविधानों को असंवैधानिक करार दिया था।

## आरएसएस गुरु दक्षिणा पर चलता है... प्रियांक खरगे ने संघ की फंडिंग और पंजीकरण पर उठाए गंभीर सवाल

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक के मंत्री और कांग्रेस नेता प्रियांक खरगे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना शैतान से करते हुए कहा कि भाजपा उसका साया है। उन्होंने कहा कि हम साये से लड़ रहे हैं। यदि हम सीधे दानव से लड़ें तो देश प्रगति करेगा। उन्होंने आरएसएस की फंडिंग पर भी सवाल उठाए। साथ ही कहा कि यदि क्लबों और संघों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है तो आरएसएस को भी पंजीकरण के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि दूसरे संगठनों के पंजीकरण पर सवाल उठाने से पहले प्रियांक खरगे को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके पिता मल्लिकार्जुन के नेतृत्व वाली कांग्रेस की कर्नाटक इकाई का ही पंजीकरण कहीं रद न हो जाएं। जनता तेजी से कांग्रेस के सफाये में जुटी है। कांग्रेस नेता प्रियांक खरगे ने कहा- वे अपंजीकृत हैं। वे पंजीकरण नहीं कराना चाहते। वह देश के कानून का पालन क्यों नहीं करते आप घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतनी बड़ी गतिविधियां चला रहे हैं, और फिर भी आप कर नहीं चुका रहे हैं। उन्होंने आगे कहा आरएसएस का 2,500 से अधिक संगठनों का नेटवर्क है। ये लोग उनसे पैसे लेते हैं। ये लोग मनी लांड्रिंग में शामिल हैं। कांग्रेस नेता ने कहा- संघ कहता है कि आरएसएस गुरु दक्षिणा पर चलता है। लेकिन देश में एक मंदिर में भी जब कोई दान करता है तो उसका आडिट होता है। क्या वे कानून से ऊपर हैं।उधर, कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र ने प्रियांक को आड़े हाथों लेते हुए तंज कसा-दूसरे संगठनों के पंजीकरण पर सवाल उठाने से पहले प्रियांक को इस पर चिंता करनी चाहिए कि कहीं कांग्रेस की कर्नाटक इकाई का पंजीकरण ही रद न हो जाए क्यों कि कांग्रेस तेजी से गर्त की ओर जा रही है।

# गलत मुद्रा में सोने से गर्दन में अकड़न आ गई? इन तरीकों से करें ठीक



अकड़न एक ऐसी समस्या है, जो गर्दन के आस-पास की मांसपेशियों में तनाव के कारण हो सकता है। इसका मुख्य कारण सोते समय गर्दन का गलत तरीके से टेढ़ा होना हो सकता है। इसके कारण सुबह उठते ही गर्दन में दर्द और अकड़न महसूस होती है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू उपाय बताते हैं, जो गर्दन की अकड़न को दूर करने में मदद कर सकते हैं।

गर्म सिकाई करें

गर्दन की अकड़न को दूर करने के लिए गर्म सिकाई करना एक असरदार तरीका हो सकता है। इसके लिए आप एक गर्म पानी की बोतल या फिर तौलिए को गर्म करें और उसे प्रभावित हिस्से पर रखें। यह प्रक्रिया लगभग 15-20 मिनट तक करें। इससे खून का बहाव बढ़ता है और अकड़न में राहत मिलती है। गर्म सिकाई से मांसपेशियों को आराम मिलता है और दर्द कम होता है, जिससे आपको जल्दी राहत मिल सकती है।

हल्की स्ट्रेचिंग करें

गर्दन की अकड़न को ठीक करने के लिए हल्की स्ट्रेचिंग करना फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए आप धीरे-धीरे सिर को आगे-पीछे, दाएं-बाएं घुमाएं। इससे गर्दन की मांसपेशियां ढीली होती हैं और दर्द में कमी आती है। स्ट्रेचिंग करते समय ध्यान रखें कि यह बहुत हल्के हाथों से करें ताकि किसी प्रकार की चोट न हो। इस प्रक्रिया को दिन में कुछ बार दोहराएं और धीरे-धीरे गर्दन की गति बढ़ाएं। इससे आपको जल्दी राहत मिलेगी।

तेल की मालिश करें

गर्दन की अकड़न को दूर करने के लिए तेल की मालिश करना एक पुराना और असरदार तरीका है। इसके लिए सरसों या नारियल तेल का इस्तेमाल करें। तेल को हल्का गर्म करके प्रभावित हिस्से पर मालिश करें। इससे खून का बहाव बढ़ता है और मांसपेशियों को आराम मिलता है। मालिश करने से दर्द कम होता है और अकड़न में राहत मिलती है। इसे नियमित रूप से करने पर गर्दन की अकड़न जल्दी ठीक हो सकती है।

ठंडी सिकाई करें

ठंडी सिकाई भी गर्दन की अकड़न को ठीक करने में मदद कर सकती है। बर्फ के टुकड़ों को साफ कपड़े में लपेटकर प्रभावित हिस्से पर रखें। इससे सूजन कम होती है और दर्द में राहत मिलती है। ठंडी सिकाई से मांसपेशियां ढीली होती हैं और आपको आराम मिलता है। इसे दिन में 2-3 बार दोहराएं। ध्यान रखें कि बर्फ सीधे त्वचा पर न लगाएं, हमेशा कपड़े का उपयोग करें।

सही तकिया चुनें

सोते समय सही तकिया चुनना बहुत जरूरी है ताकि गर्दन को सही समर्थन मिल सके। ऐसा तकिया चुनें, जो आपकी गर्दन और सिर को सही तरीके से सहारा दे सके। बहुत ऊंचा या नीचा तकिया न लें क्योंकि इससे अकड़न बढ़ सकती है। इन घरेलू उपायों को अपनाकर आप अपनी गर्दन की अकड़न को जल्दी ठीक कर सकते हैं और आराम पा सकते हैं। नियमित अभ्यास से आपको लंबे समय तक राहत मिलेगी।

## गर्भवती महिलाओं के लिए नुकसान दायक हैं ये 5 फल, न करें सेवन



गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को खाने-पीने का खास ध्यान रखना पड़ता है क्योंकि गर्भावस्था में बदलाव के लिए सही खाना जरूरी है। हालांकि, कुछ फल ऐसे होते हैं, जो गर्भवती महिलाओं के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए गर्भावस्था में कुछ फलों का सेवन करने से पहले डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। आइए आज हम आपको पांच ऐसे फलों के बारे में बताते हैं, जिनका गर्भावस्था में सेवन करना गर्भवती महिलाओं के लिए हानिकारक हो सकता है। पपीता-पपीते में कई पोषक तत्व होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। हालांकि, पपीते का कच्चा या अधपका सेवन गर्भवती महिलाओं के लिए खतरनाक हो सकता है। इसका कारण है कि कच्चे पपीते में एक तत्व होता है, जो गर्भपात का कारण बन सकता है। इसलिए गर्भावस्था में पके पपीते का सेवन ही सुरक्षित माना जाता है। अनानास-अनानास का सेवन भी गर्भवती महिलाओं के लिए हानिकारक हो सकता है। इसका कारण है कि अनानास में एक तत्व होता है, जो गर्भाशय के संकुचन को बढ़ा सकता है और इससे गर्भपात का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा अनानास में शक्कर की मात्रा भी अधिक होती है, जो मधुमेह का कारण बन सकती है। इसलिए डॉक्टर भी गर्भावस्था में अनानास के सेवन से बचने की सलाह देते हैं। अंगूर-गर्भावस्था के दौरान अंगूर का भी सेवन नहीं करना चाहिए। इसका कारण है कि अंगूर में प्राकृतिक रूप से एक हार्मोन होता है, जो शरीर में हार्मोन के स्तर को बढ़ा सकता है। इससे गर्भावस्था में कई समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा अंगूर में शक्कर की मात्रा भी अधिक होती है, जो गर्भवती महिलाओं में मधुमेह का कारण बन सकती है। खजूर-खजूर में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो गर्भवती महिलाओं के लिए फायदेमंद हो सकते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि खजूर का अधिक सेवन किया जाए। खजूर में शक्कर की मात्रा अधिक होती है, जिससे शरीर में ब्लड शुगर का स्तर बढ़ सकता है और इससे गर्भावस्था में कई समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए गर्भावस्था में सीमित मात्रा में खजूर का सेवन करना चाहिए। संतरा-संतरा कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इसका अधिक मात्रा में सेवन किया जाए। संतरे में एक प्रकार का एसिड होता है, जो जी मिचलाना और जलन जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। इसके अलावा संतरे में शक्कर की मात्रा भी अधिक होती है, जो गर्भवती महिलाओं में मधुमेह का कारण बन सकती है। इसलिए गर्भावस्था में सीमित मात्रा में संतरे का सेवन करना चाहिए।

## माइथो-एक्शन फिल्म नागबंधम का बहुप्रतीक्षित टीजर रिलीज विराट कर्णा का शिव अवतार बना सबसे बड़ी हाईलाइट



महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, अभिषेक नामा के डायरेक्शन में बनी माइथो-एक्शन फिल्म नागबंधम का बहुप्रतीक्षित टीजर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म में विराट कर्णा लीड रोल में हैं। प्रोड्यूसर किशोर अन्नापुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी ने इस फिल्म को एक बहुत बड़े स्केल पर तैयार किया है, जिसमें वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्शन वैल्यू साफ़ नज़र आ रही है।

फैंस की एक्साइटमेंट तब सातवें आसमान पर पहुंच गई जब सुपरस्टार महेश बाबू ने खुद इस टीज़र को लॉन्च किया, जिससे पूरे देश में इस फिल्म को लेकर चर्चा तेज़ हो गई है। हिमालय की रहस्यमयी वादियों के बैकड्रॉप पर सेट यह टीज़र एक ऐसी दुनिया का दरवाज़ा खोलता है, जहां समय से भी पुराना एक गहरा राज़ दफन है। जब एक इंसान का लालच इस ब्रह्मांडीय सच को उजागर करने की कोशिश करता है, तब नियति खुद अपने योद्धा को चुनती है।

नागबंधम की कहानी अब्दाली के ऐतिहासिक अफगान आक्रमण से प्रेरित है, जिसमें माइथोलॉजी, इतिहास और आध्यात्मिक युद्ध का अनोखा मेल देखने को मिलता है। यह लड़ाई सांस्कृतिक विरोध और दैवीय सुरक्षा के बीच के टकराव को दिखाती है।

इस महागाथा के केंद्र में है पवित्र नागबंधम मंदिर, एक ऐसा गुप्त मंदिर जिसकी रक्षा दिव्य शक्तियां कर रही हैं और माना जाता है कि यहां ब्रह्मांड की एक प्राचीन शक्ति सुरक्षित है। हिमालय के छिपे हुए रास्तों के बीच स्थित इस मंदिर में इतनी अपार शक्ति है कि अगर यह गलत हाथों में पड़ गई, तो अकल्पनीय तबाही आ सकती है।

ब्रह्मा की रचना से जन्मा... विष्णु के धर्म से सुरक्षित... महादेव के क्रोध से शक्ति प्राप्त..., यह दमदार लाइन नागाबंधम की आत्मा को बखूबी बयां करती है। यह एक ऐसी गाथा है जहाँ दिव्यता, नियति और विनाश का आमना-सामना होता है। डायरेक्टर अभिषेक नामा की बड़ी सोच और साफ़ विज़न इस टीज़र में साफ़ झलकती है। उन्होंने जिस तरह से माइथोलॉजी, एक्शन और आध्यात्म को बेहतरीन टेक्निकल काम के साथ जोड़ा है, वो इस फिल्म को एक अलग ही लेवल पर ले जाता है।

हैरानी की बात यह है कि बिना एक भी डायलॉग के, यह टीज़र अपनी विजुअल पावर और शानदार कहानी कहने के अंदाज़ से दर्शकों को बांधे रखने में कामयाब रहा है। पहले ही फ्रेम से नागबंधम एक भव्य विजुअल एपिक होने का अहसास कराती है। सिनेमैटोग्राफर सुंदर राजन एस ने कमाल की बारीकी के साथ दिल दहला देने वाले नज़ारों को कैमरे में कैद किया है, वहीं हाई-एंड वीएफएक्स फिल्म के स्केल को और भी बड़ा बना देते हैं।

विजुअल्स के साथ-साथ अशोक कुमार का शानदार प्रोडक्शन डिज़ाइन, जुनैद कुमार का रोंगटे खड़े कर देने वाला बैकग्राउंड स्कोर और आरसी प्रणव की जबरदस्त एडिटिंग दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है, जहां भक्ति युद्ध बन जाती है और आस्था गुस्से में बदल जाती है।

प्रोड्यूसर्स की यह पहली फिल्म होने के बावजूद, उनका काम करने का अंदाज़ काफी मज़बूत दिख रहा है। उन्होंने डायरेक्टर अभिषेक नामा के बड़े विज़न को पूरा सपोर्ट किया है। भारी-भरकम सेट्स लगाने से लेकर वीएफएक्स और हर टेक्निकल बारीकी पर जिस तरह ध्यान दिया गया है, उससे साफ़ है कि यह फिल्म इंडियन सिनेमा के लिए एक नया बेंचमार्क सेट करने वाली है।

कहानी के हीरो विराट कर्णा एक बहुत ही दमदार और बदले हुए अवतार में नज़र आ रहे हैं। टीज़र में मगरमच्छ के साथ उनकी लड़ाई के अलावा, भगवान शिव के रूप में उनकी एंट्री सबसे बड़ी हाईलाइट है। शिव जी का किरदार निभाना आसान नहीं होता, लेकिन विराट ने इसे पूरी शिद्दत से निभाया है। उनकी इंटेंसिटी और गजब का फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन इशारा करता है कि यह उनके करियर की सबसे यादगार परफॉरमेंस होने वाली है।

फिल्म में नभा नतेश, ईश्वर्या मेनन, महेश मांजरेकर, जगपति बाबू, ऋषभ साहनी, गरुड़ राम, जयप्रकाश, मुरली शर्मा, अनसूया भारद्वाज और बी.एस. अविनाश जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। नागबंधम 2026 की सबसे ज़्यादा इंतज़ार की जाने वाली पैन-इंडिया फिल्मों में शुमार हो गई है।



## एक्ट्रेस मुक्ति मोहन का नया मंत्र: लोगों से अप्रूवल लेने की जरूरत नहीं, बस जिंदगी जियो


शॉर्ट फिल्म ब्लड ब्रदर्स से अभिनय की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री मुक्ति मोहन सोशल मीडिया पर अपनी मौजूदगी से फैंस के दिलों में खास पहचान रखती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वे एक वॉइस ओवर के साथ लिपसिंक करती दिख रही हैं, एक ही तो जिंदगी मिली है।

इसमें लोगों को अच्छा बनने का कोई अप्रूवल नहीं दिखा सकती हूं। अच्छा इंसान बनने में कुछ नहीं रखा है। वीडियो में उनका अंदाज बिल्कुल सच्चा और बेबाक है। वे कैमरे की तरफ देखकर सीधे दिल की बात कह रही हैं। बता दें कि यह वॉइस ओवर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। मुक्ति और कई अन्य कलाकार और सोशल मीडिया यूजर्स इस पर वीडियो बनाकर ट्रेंड का हिस्सा बन रहे हैं। मुक्ति अक्सर अपनी बहनों के साथ डांस के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। फैंस को अभिनेत्री का ये वीडियो काफी पसंद आ रहा है। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। मुक्ति मोहन की बात करें तो वे डांसर होने के साथ-साथ वेब सीरीज व टीवी शोज में अभिनय भी करती हैं। उन्होंने साहिब बीवी और गैंगस्टर, हेट स्टोरी, और कांची: द अनब्रेकेबल जैसे कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया है। उन्होंने करियर की शुरुआत में 2007 में शॉर्ट फिल्म ब्लड ब्रदर्स से अभिनय की शुरुआत की और जरा नचके दिखा (2010) जीतकर रियलिटी शो में पहचान बनाई और झलक दिखला जा सीजन 6 (2013) में भी भाग लिया। मुक्ति मोहन बड़े पर्दे पर भी अपनी काबिलियत का परचम फहरा चुकी हैं। उन्होंने अब तक साहेब बीवी और गैंगस्टर, मुरान, दारुवु, हेट स्टोरी, टोपीवाला, कांची: द अनब्रेकेबल, बॉर्न फ्री, दिल है हिंदुस्तानी: द मूवी, और थार आदि फिल्मों में अदाकारी की है। मुक्ति मोहन कोरियोग्राफर शक्ति मोहन और गायिका नीति मोहन की बहन हैं।

## स्ट्राइप ड्रेस में निमरत कौर का स्टाइलिश लुक

अभिनेत्री निमरत कौर ने अपना लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया हैं। इस नए लुक में निमरत कौर स्ट्राइप वन पी ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। निमरत कौर ने सिजलिंग लुक में कई शानदार पोज दिए। निमरत का यह लुक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा हैं। इस लुक के साथ निमरत ने कैप्शन में लिखा स्ट्राइप पोज।

निमरत कौर (जन्म 13 मार्च 1982) एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री हैं, जो विशेष रूप से द लंचबॉक्स और एयरलिफ्ट जैसी फिल्मों के लिए जानी जाती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने प्रिंट मॉडल के रूप में करियर शुरू किया और फिर थिएटर के माध्यम से बॉलीवुड में पहचान बनाई। हाल ही में, वह अभिषेक बच्चन के साथ डेटिंग की अफवाहों के कारण सुर्खियों में थीं, जिन्हें खारिज किया गया है।



## सू- दोकू क्र.318

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.317 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य - 318

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 317 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

## एकता कपूर-इम्तियाज अली फिर आए साथ

लैला मजनू के निर्माता फिर साथ आ रहे हैं। एकता कपूर और इम्तियाज अली ने अपनी नई फिल्म हीर रांझा का ऐलान कर दिया है। ये उनकी साल 2018 की हिट फिल्म लैला मजनू का ही अगला भाग है, जिसके निर्देशन की कमान एक बार फिर साजिद अली संभालने वाले हैं। ये फिल्म मोहब्बत की सदियों पुरानी और अमर कहानी को आज के दर्शकों के लिए एक नए और गहरे अंदाज में पेश करेगी। एकता का मानना है कि इम्तियाज और साजिद अली के पास प्यार को गहराई और ईमानदारी से दिखाने का हुनर है। उन्होंने कहा कि जिस तरह लैला मजनू समय के साथ एक कल्ट क्लासिक बनी, वैसी ही उम्मीद हीर रांझा से भी है। उधर इम्तियाज अली के मुताबिक, हीर रांझा की अपनी एक अलग दुनिया और लय है। ये फिल्म आज की पीढ़ी की प्यार की भाषा में बात करेगी, लेकिन इसकी जड़ें शाश्वत और अमर प्रेम में होंगी।






# सीएम ने 127 करोड़ के 141 कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास, पर्यटन व रोजगार पर जोर

**चिरमिरी।** एमसीबी जिले के चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 127 करोड़ रुपये की लागत के 141 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन कार्यों में सड़क, पुल, भवन, स्वास्थ्य सुविधाएं, विद्युत विस्तार, पेयजल और नगरीय विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रकल्प शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से क्षेत्र का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा और आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने चिरमिरी को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में 82 पूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया गया, जिन पर लगभग 40 लाख रुपये खर्च हुए हैं। वहीं 59 नए कार्यों का शिलान्यास 8824.78 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से किया गया। इन परियोजनाओं में पेयजल, स्वास्थ्य, अधोसंरचना और कनेक्टिविटी से जुड़े कार्य प्रमुख हैं। मुख्यमंत्री का स्वागत भाजपा कमेटी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, ओबीसी, एससी-एसटी और किसान मोर्चा के सदस्यों ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक मौजूद रहे। महापौर रामनरेश राय ने कहा कि चिरमिरी पहले बड़ी आबादी वाला क्षेत्र रहा है, लेकिन अब यहां से पलायन बढ़ा है।

पर्यटन और शिक्षा के क्षेत्र में योजनाबद्ध विकास से युवाओं को रोजगार मिल सकता है। मुख्यमंत्री ने नगर निगम को अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराने, बकरी संवर्धन केंद्र, पुलिस चौकी और तहसील भवन स्थापित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने राजिम मेले का उल्लेख करते हुए बताया कि इस वर्ष देशभर से हजारों साधु-संत पहुंचे और सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए हैं और लाखों हितग्राहियों को लाभ मिला है। किसानों से धान खरीदी, महतारी वंदन योजना की किस्तें और तेंदूपत्ता संग्रहण से लाखों परिवारों को फायदा पहुंचा है। राम गमन पथ और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन कराया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि चिरमिरी में जिला अस्पताल और मनेंद्रगढ़ में 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का संचालन कार्य प्रगति पर है। मेडिकल, नर्सिंग और फिजियोथैरेपी संस्थान खोलने के प्रयास भी जारी हैं। 181 करोड़ रुपये की पेयजल परियोजना के तहत घर-घर नल कनेक्शन का काम किया जा रहा है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और सरकार गांव से शहर तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में महापौर रामनरेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। संचालन शैलेंद्र मिश्रा ने किया और आभार प्रदर्शन निगम आयुक्त राम प्रसाद अचला ने किया।

## बैकुंठपुर के झुमका पर्यटन स्थल में ओपन थिएटर का लोकार्पण



कोरिया प्रवास के दौरान आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बैकुंठपुर स्थित झुमका पर्यटन स्थल में नवनिर्मित ओपन थिएटर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में झुमका जलाशय क्षेत्र में विकसित विभिन्न पर्यटन सुविधाओं का अवलोकन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान झुमका जलाशय में संचालित बोटिंग और वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण यह स्थल चारों ओर हरियाली और खिले कमल के फूलों से सुसज्जित है, जो पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। शांत वातावरण और स्वच्छ जलाशय के कारण यह स्थान तेजी से एक मनभावन पिकनिक स्पॉट के रूप में पहचान बना रहा है। नवनिर्मित ओपन थिएटर से क्षेत्र में सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को नया मंच मिलेगा। स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा, वहीं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस विकास कार्य से स्थानीय रोजगार के अवसरों में वृद्धि होने की उम्मीद है। इस दौरान यह कहा गया कि पर्यटन की अपार संभावनाओं से समृद्ध छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार लगातार आधुनिक सुविधाओं का विस्तार कर रही है। उद्देश्य यह है कि प्राकृतिक स्थलों का संरक्षण करते हुए उन्हें बेहतर आधारभूत संरचना से जोड़ा जाए, ताकि प्रदेश को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। झुमका पर्यटन स्थल में किए गए नवीन विकास कार्य निश्चित रूप से कोरिया जिले को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर बैकुंठपुर विधायक भैया लाल राजवाड़े, संभाग आयुक्त नरेंद्र दुगा,भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी,पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आशुतोष चतुर्वेदी, सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महतारी वंदन योजना की राशि ने महिलाओं के जीवन में लाई खुशियाँ



**कोरिया बैकुंठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों से झुमका जलाशय परिसर में भेंट कर उनसे हर माह मिलने वाली एक हजार रुपये की राशि से जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में जानकारी ली। कोरिया जिले के ग्राम सारा की हितग्राही कविता देवांगन ने बताया कि योजना से प्राप्त राशि को बचत कर उन्होंने स्टेशनरी की दुकान शुरू की है और अब आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी जताया। हितग्राही श्रीमती ऊषा राजवाड़े ने बताया कि उन्होंने योजना की राशि से अपनी बेटी के नाम पर सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खोलकर नियमित जमा करना शुरू किया है, ताकि बेटी का भविष्य सुरक्षित हो। हितग्राही विमला राजवाड़े, अंजनी साहू, सुशीला, सविता कुशवाहा, रजनी, निर्जला साहू और विमला देवी ने भी बताया कि महतारी वंदन योजना की राशि उनके लिए अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है। किसी ने बच्चों की स्कूल फीस भरी है, किसी ने इलाज पर खर्च किया है, तो किसी ने सिलाई मशीन लेकर टेलरिंग का कार्य शुरू कर दिया है। बच्चों के लालन-पालन तथा दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में भी यह राशि बेहद उपयोगी साबित हो रही है। सभी महिलाओं ने महतारी वंदन योजना को अत्यंत लाभदायक और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली बताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इन हितग्राहियों से बातचीत करते हुए कहा कि यह योजना आप जैसी लाखों महिलाओं के विश्वास को मजबूत करने और जीवन के छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में मददगार साबित हुआ है, यह खुशी की बात है।

# कोरिया को आखिर कब बनाया जाएगा संभाग पूर्व मंत्री राजवाड़े ने सरकार से दोहराई मांग

**कोरिया बैकुंठपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बैकुंठपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भैयालाल राजवाड़े ने बैकुंठपुर को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि उन्होंने मुख्यमंत्री से बैकुंठपुर को संभाग बनाने की औपचारिक मांग की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'हमने अपनी ओर से मांग रख दी है, अब इसे पूरा करना मुख्यमंत्री का काम है।' उनके इस बयान के बाद क्षेत्र की राजनीति में नई चर्चा शुरू हो गई है। विधायक राजवाड़े ने कहा कि बैकुंठपुर भौगोलिक, प्रशासनिक और सामाजिक दृष्टि से संभाग बनने की सभी आवश्यकताओं को पूरा करता है। यदि इसे संभाग का दर्जा मिलता है तो न केवल प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि आम जनता को भी शासकीय सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा। इससे लोगों को लंबी दूरी तय कर अन्य संभागीय मुख्यालयों तक जाने की आवश्यकता नहीं



पड़ेगी। उन्होंने बताया कि संभाग की मांग के साथ-साथ क्षेत्र के विकास से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण मांगें भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई हैं। इनमें प्रमुख रूप से सड़क चौड़ीकरण का मुद्दा शामिल है, जिससे यातायात सुगम होगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में हेचरी (मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र) की स्थापना की मांग भी की गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और मत्स्य पालन को प्रोत्साहन मिलेगा। विधायक ने बैकुंठपुर में विधि महाविद्यालय (लॉ कॉलेज) खोलने की मांग भी प्रमुखता से उठाई है। उनका कहना है कि विधि शिक्षा के लिए युवाओं को अन्य जिलों में जाना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। यदि स्थानीय स्तर पर विधिकालेज स्थापित होता है तो क्षेत्र के विद्यार्थियों को बड़ा लाभ मिलेगा। विधायक राजवाड़े ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री क्षेत्र की जनता की भावनाओं को समझते हुए सकारात्मक निर्णय लेंगे।

## ऑडिटोरियम में श्रमिक जन संवाद सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** तिलसिंवा सूरजपुर ऑडिटोरियम में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में श्रमिक जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# झुमका जलाशय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की शिकारा सवारी, पर्यटन विकास पर दिया जोर



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल झुमका जलाशय पहुंचकर शिकारा की सवारी करते हुए वहां के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। उनके आगमन से पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ने जलाशय के शांत, स्वच्छ और मनोरम वातावरण का अवलोकन किया।

शिकारा में सवार होकर मुख्यमंत्री ने विस्तृत जल क्षेत्र, चारों ओर फैली हरियाली और सुरम्य पहाड़ियों की अद्भुत छटा को निहारा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण यह स्थल पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत संभावनाशील है। यदि सुनियोजित ढंग से विकास कार्य किए जाएं तो झुमका जलाशय प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी विशिष्ट पहचान बना सकता है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां मूलभूत सुविधाओं—जैसे बेहतर सड़क संपर्क, स्वच्छता व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और पर्यटकों के लिए आवश्यक संसाधनों—का विस्तार किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्थानीय युवाओं को पर्यटन गतिविधियों से जोड़कर रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर बल दिया। उनका कहना था कि पर्यटन विकास से न केवल क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि प्राकृतिक धरोहरों को सहेजना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यात्रा के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से आत्मीय संवाद कर क्षेत्र के समग्र विकास का सकारात्मक आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री की इस यात्रा से क्षेत्र में पर्यटन विकास को लेकर नई उम्मीद जगी है। कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री राम विचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, बैकुंठपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भैयालाल राजवाड़े, कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया आशुतोष चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, यूपी पुलिस अधीक्षक सुरेशा चौबे, तहसीलदार बैकुंठपुर अमृता सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत वंदना राजवाड़े सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नाराज होकर कार्यक्रम से बाहर निकले नपा अध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि

**मनेन्द्रगढ़।** अमृतधारा महोत्सव के दौरान शुक्रवार को उस समय अचानक विवाद की स्थिति बन गई, जब नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव और उनके पति एवं विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव नाराज होकर कार्यक्रम स्थल से बाहर चले गए। इस घटनाक्रम से कुछ देर के लिए आयोजन स्थल पर अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया।

# सड़क मार्ग से पहुंचे मुख्यमंत्री कोरिया



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय चिरमिरी से सड़क मार्ग होते हुए बैकुंठपुर पहुंचे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में खासा उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम एवं श्याम बिहारी जायसवाल भी उपस्थित रहे।

बैकुंठपुर पहुंचने पर सर्किट हाउस परिसर में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे सहित जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान स्थानीय नागरिकों की बड़ी संख्या मौजूद रही, जिससे वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा। मुख्यमंत्री के स्वागत में पारंपरिक लोकसंस्कृति की भी झलक देखने को मिली। कर्मा नृत्य दल ने पारंपरिक वेशभूषा में जोशीला प्रस्तुतीकरण देकर अतिथियों का मन मोह लिया। ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज से सर्किट हाउस परिसर उत्सव स्थल में तब्दील हो गया। मुख्यमंत्री ने कलाकारों का अभिवादन स्वीकार करते हुए उनकी प्रस्तुति की सराहना की। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री अपने प्रवास के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्रीय विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। उनके दौरे को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम किए हैं। मुख्यमंत्री के आगमन से क्षेत्र में विकास योजनाओं को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## महाशिवरात्रि पर देवगढ़ में पूर्व नपा अध्यक्ष जायसवाल ने भक्तों को बांटा प्रसाद



**कोरिया बैकुंठपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कोरिया जिले के देवगढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में इस वर्ष भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल द्वारा लाखों श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोग भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक वातावरण में पूरी श्रद्धा के साथ भागीदारी निभाई। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने जलाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर आयोजित भोग भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्था की गई थी, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल स्वयं पूरे आयोजन की व्यवस्थाओं की निगरानी करते नजर आए। उन्होंने अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया, जिससे उपस्थित लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं ने उनके इस सेवा भाव की सराहना की और कहा कि जनप्रतिनिधि यदि इसी प्रकार धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में सहभागिता निभाएं, तो समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। अशोक जायसवाल लंबे समय से धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे प्रतिवर्ष विभिन्न धार्मिक आयोजनों में सहभागिता करते हैं और जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। महाशिवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर इतने बड़े स्तर पर भंडारे का आयोजन कर उन्होंने सेवा और समर्पण की मिसाल प्रस्तुत की है। आयोजन के दौरान स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस पदाधिकारियों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर आयोजित विशाल भोग भंडारा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भावना का भी संदेश देता नजर आया।

## एसडीएम पर मारपीट का आरोप बुजुर्ग की मौत से गांव में आक्रोश

**बलरामपुर।** जिले के कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हंसपुर में अवैध उत्खनन की जांच के दौरान हुई कथित मारपीट की घटना ने गंभीर रूप ले लिया है। आरोप है कि प्रशासनिक टीम की कार्रवाई में एक 62 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि दो अन्य ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और पुलिस बल तैनात किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसडीएम करुण कुमार डहरिया और नायब तहसीलदार पारस शर्मा अपनी टीम के साथ देर रात अवैध बॉक्साइट खनन की सूचना पर मौके के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान रास्ते में तीन ग्रामीणों को रोका गया। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि बिना पर्याप्त पूछताछ के ही टीम द्वारा मारपीट की गई। घटना में घायल रामनरेश राम (62) की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई, जबकि अजीत उरांव और आकाश अगरिया का उपचार जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्दोष लोगों को संदेह के आधार पर निशाना बनाया गया, जिससे गांव में आक्रोश का माहौल है।

## मुख्यमंत्री ने की लोकतंत्र सेनानी डॉ. निर्मल घोष से सौजन्य भेंट



**कोरिया/बैकुंठपुर।** सत्ता के लालच में वर्ष 1975 में देश पर लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय माना जाता है। उस दौर में नागरिकों के मूल अधिकार निलंबित कर दिए गए थे और हजारों लोकतंत्र रक्षकों को जेलों में डाल दिया गया था। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगा दिया गया तथा शासन ने तानाशाही स्वरूप धारण कर लिया था। उस समय की केंद्र सरकार का नेतृत्व तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी कर रही थीं। हालांकि लोकतंत्र में अटूट विश्वास रखने वाले साहसी प्रहरियों ने हार नहीं मानी। उन्होंने संघर्ष, त्याग और बलिदान के बल पर तानाशाही का डटकर मुकाबला किया और अंततः देश में पुनः लोकतंत्र की स्थापना हुई। उनके इसी साहस और समर्पण को सम्मान देने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र सेनानियों के लिए पेंशन योजना प्रारंभ की गई थी। किंतु पूर्ववर्ती भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस शासनकाल में इस पेंशन सेवा को बंद कर दिया गया था। वर्तमान सरकार ने इसे पुनः प्रारंभ कर लोकतंत्र सेनानियों को उनका सम्मान लौटाने का कार्य किया है। इसी क्रम में कोरिया प्रवास के दौरान बैकुंठपुर निवासी 92 वर्षीय लोकतंत्र सेनानी डॉ. निर्मल घोष से उनके निवास पर सौजन्य भेंट करने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने आपातकाल के संघर्षपूर्ण दिनों की अनेक स्मृतियाँ साझा कीं। जेल की यातनाओं, प्रतिबंधों और संघर्ष की कहानियाँ सुनकर मन भावुक हो उठा।

# मुख्यमंत्री साय ने स्व. फलेंद्र सिंह कंवर के निवास पहुंचकर परिजनों से की मुलाकात



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को कोरिया जिले के ग्राम सरभोका (कुड़ेली) स्थित अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य एवं जिला पंचायत कोरिया के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय फलेंद्र सिंह कंवर के निवास पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्राम सरभोका (कुड़ेली) में स्व.फलेंद्र सिंह की प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने स्व. कंवर की पत्नी श्रीमती सुमित्रा देवी तथा उनके पुत्र रविन्द्र कुमार सिंह, अखिलेश सिंह और युवक सिंह तथा तीनों बेटियां श्रीमती अंजुला सिंह, श्रीमती मंजुला सिंह व श्रीमती अर्चना सिंह व पारिवारिक सदस्यों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों व समाज के प्रतिनिधियों से कहा कि स्व. फलेंद्र सिंह कंवर अंचल के वरिष्ठ, लोकप्रिय और समर्पित जननेता थे। उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में जिले और समाज के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने रोचक जानकारी साझा करते हुए कहा कि स्व. फलेंद्र सिंह और हमारे गोत्र एक ही होने के कारण पारिवारिक रिश्तेदारी हैं। स्व. फलेंद्र सिंह कंवर का जन्म 15 जून 1950 को ग्राम पंचायत सरभोका के गौटिया परिवार में हुआ था। वर्ष 1990 में वे ग्राम पंचायत सरभोका के निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुए और यहीं से उनके सामाजिक व राजनीतिक जीवन की शुरुआत हुई। इसके बाद वे जनपद पंचायत अध्यक्ष, मंडी अध्यक्ष, वर्ष 2000 में सोनहत क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य तथा वर्ष 2005 में जिला पंचायत अध्यक्ष बने। इसी दौरान उन्हें प्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग का सदस्य मनोनीत किया गया। स्वास्थ्य में गिरावट के बावजूद वे लंबे समय तक जनसेवा में सक्रिय रहे। वर्ष 2010 के बाद स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली। 6 अक्टूबर 2022 को 72 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. फलेंद्र सिंह कंवर का सरल स्वभाव, जनसेवा के प्रति समर्पण और जनता से जुड़ाव उन्हें सदैव स्मरणीय बनाए रखेगा। उनके योगदान को क्षेत्र की जनता लंबे समय तक याद किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों की मांग पर ग्राम सरभोका, (कुडेली) के विभिन्न विकास कार्यो-कुडेली बाजार की कांक्रीटीकरण, खेल अधोसरंचना और अन्य विकास कार्यो के लिए राशि की घोषणा भी की। इस अवसर पर अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग के मंत्री व कोरिया जिला के प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज, बैकुंठपुर विधायक भइया लाल राजवाड़े, कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, कंवर समाज के पदाधिकारी, ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राइस मिलर्स के आगे बेबस सिस्टम

# धान का उठाव न होने से समितियां परेशान

कोरबा। धान की खरीदी का काम कोरबा जिले में अंतिम रूप से 6 फरवरी को समाप्त हो गया है। लगभग एक पखवाड़ा बीतने के बाद भी धान का उठाव नहीं हो सका है। काफी लचर व्यवस्था होने से समितियां परेशान हैं। कहा जा रहा है कि प्रशासन के निर्देश और मार्कफेड की ओर से कागजी कार्यवाही करने के बावजूद राइस मिलर्स की मनमानी जारी है। इस रवैये से धान उपार्जन केंद्रों की समितियों के सामने चुनौतियां खड़ी हो गई है।



खबर के अनुसार जिले में सत्र 2025-26 में 27 लाख 56 हजार मिट्रिक टन धान का उपार्जन 50 हजार से अधिक किसानों के द्वारा अपनी पहुंच बनाने से हुआ। अलग-अलग कारणों से इस बार किसानों का पंजीकरण ज्यादा हुआ, फिर भी सत्यापन सहित कई प्रकार के अड़ंगेबाजी के चक्कर में 17 हजार से ज्यादा किसान अपने खेत में उपार्जित धान को बेचने से वंचित रहे। सरकार ने घोषित तौर पर 15 नवंबर से धान की खरीदी शुरू की थी। जिले में अनेक केंद्रों में चार-पांच दिन बाद ही यह काम प्रारंभ हो सका। 31 जनवरी तक धान की खरीदी की गई। विभिन्न दिक्कतों को देखते हुए फरवरी में 5 और 6 तारीख को गिनती के कुछ किसानों से धान का उपार्जन किया गया और इसी के साथ सत्र की समाप्ति हो गई। खबर के अनुसार इस वर्ष धान की खरीदी कराने वाले अधिकारियों ने राइस मिलर्स के साथ अनुबंध किया जरूर लेकिन इसमें विलंब हुआ। हालिया स्थिति यह है कि मार्कफेड के द्वारा विभिन्न समितियों के तहत चल रहे उपार्जन केंद्रों के लिए डीओ तो काटे जा रहे हैं लेकिन उठाव की रफ्तार लचर है। अभी भी उपार्जन केंद्रों में 3 लाख मिट्रिक टन से ज्यादा धान का स्टॉक मौजूद है। इनमें मुख्य मार्गों के नजदीकी से लेकर दूरस्थ और हाथी प्रभावित क्षेत्र वाले उपार्जन केंद्र भी शामिल हैं। यहां पर हजारों क्विंटल धान का स्टॉक मौजूद है। समितियां इंतजार कर रही हैं कि कब मिलर्स की गाड़ियां यहां पहुंचे तो धान का उठाव कराया जा सके। उठाव में देरी होने से कई तरह के टेंशन बढ़ रहे हैं।

### अंतिम मिलान में समस्या, कार्य बाधित

अनेक उपार्जन केंद्रों से संबंधित कर्मियों का कहना है कि उपार्जन के बाद उठाव होने तक कई प्रकार की मुश्किलें होती है और अंतिम मिलान करना भी पेचिदा काम होता है। उठाव में जितना विलंब होगा, उसी के अनुपात में केंद्रों और समितियों के कामकाज भी प्रभावित होंगे। मिलान में भी तीन स्तर पर प्रक्रियाओं को पूरा करना होता है। इतना सब कुछ होने के बाद ही धान उपार्जन को लेकर प्रोत्साहन और कमीशन की राशि तय होती है और फिर इसका भुगतान प्राप्त हो पाता है। कहा गया कि इस राशि से समितियों के आकस्मिक सहित दूसरे खर्चे निकलते हैं। इसमें कर्मियों का वेतन भी जुड़ा होता है। स्वाभाविक रूप से जब तक धान का संपूर्ण उठाव नहीं हो जाता, मिलान में दिक्कतें होंगी और फिर सुरक्षा से लेकर दूसरे मसले भी परेशानी का कारण बनेंगे। सहकारी समिति कर्मचारी संघ कई बार इस मामले को लेकर प्रशासन को अवगत करा चुका है।

# बॉयो गैस प्लांट के गड्ढे में गिरकर बच्चे की मौत

### कल से हो रही थी खोजबीन



कोरबा। दर्री के बरेड़ीमुड़ा गांव में दो वर्ष के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। वह कल से लापता था। दूसरे दिन उसका शव बॉयो गैस प्लांट के गड्ढे में मिला। इस घटना से आसपास के इलाके में शोक व्याप्त है।

जानकारी के मुताबिक दर्री थाना अंतर्गत ग्राम बरेड़ीमुड़ा निवासी लक्ष्मी नारायण कंवर और उसकी पत्नी रोजी-मजदूरी करने तमिलनाडु गए हुए हैं जबकि यहां गांव में उनका लगभग 2 वर्षीय पुत्र अपने दादा प्रमोद कंवर और बुआ रिंकी के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि कल रविवार को सामान्य दिनों की तरह बुआ अपने काम में व्यस्त थी,बालक खेल रहा था और दादा बाड़ी में नहाने गए थे। दोपहर लगभग 2 बजे से बच्चा नजर नहीं आया, एकाएक लापता हो गया। जब दादा नहाकर आए और साथ मे खाना खिलाने के लिए पोते को आवाज लगाया तो वह आया नहीं। घर, बाहर सब तरफ उसकी तलाश करने लगे, आसपास के लोगों से पूछा-बताया पर कुछ पता नहीं चला। अंततः दर्री थाना में गुमशुदगी की सूचना दी गई। बच्चे की खोजबीन में दादा-बुआ परेशान रहे। आज सुबह भी परिजन-परिचित बालक के मिलने की आस में तलाश करते-करते आशंकावश घर की बाड़ी में बने गोबर गैस चेम्बर की तरफ गए और झांका तो बालक नजर आया। आनन-फानन में बालक को बाहर निकाला गया लेकिन संकरे चेम्बर में गिरकर फंसे मासूम की सांस थम चुकी थी, मौत हो चुकी थी। मृत पोते को गोद में उठाये दादा बिलखता रहा, बुआ रोती रही, घर में कोहराम मच गया। सूचना बालक के माता-पिता को दे दी गई है जो तमिलनाडु से कोरबा आएंगे। ग्रामीणों के द्वारा ढांढस बंधाया जा रहा है। दर्री पुलिस को सूचना दे दी गई है, जो मौके पर आकर अपनी वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित

कोरबा। ग्राम तिलकेजा में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला पंचायत सदस्य सुष्मिता आनंद अतिथि के रूप में उपस्थित थी। बैठक में मरीजों को मिलने वाले सुविधाओं पर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। अगर उन्हें दिक्कतें आती है तो आगे आकर उनकी समस्या को दूर किया जाए।



**मनमानी पर सख्ती :** कोरबा में ट्रैफिक पुलिस ने आवागमन को सहज-सरल बनाने और लोगों को राहत देने के लिए कामकाज जारी रखा है। विभिन्न मुख्य मार्गों के आसपास आवागमन में बाधक बन रही कई दोपहियों को लिफ्टर से उठाकर यातायात थाना भेजा गया। ऐसे मामलों में पेनाल्टी भी लगाई गई।

### ओव्हरब्रिज का हो सुधार : सोनी



कोरबा। कोरबा के इकलौते ओव्हरब्रिज को सुधार की जरूरत है। 750 मीटर लंबे ओव्हर ब्रिज की सड़क जहा-तहां खराब है। कांक्रीट पेनल के आसपास और अन्य रास्ते पर गड्ढों की उपस्थिति के चलते आवागमन में समस्या हो रही है। लोग परेशान हो रहे है। पिछले लंबे समय से इस तरह के हालात ओव्हर ब्रिज में कायम है। पिछले बारिश में भी यह समस्या बढ़ी तब से लगातार इंतजार किया जा रहा है कि इसका समाधान हो। सामाजिक कार्यकर्ता राजू सोनी ने इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# नगर में निकली शिव बारात पूर्व मंत्री जयसिंह हुए शामिल



कोरबा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नेहरूनगर मुक्तिधाम, बालको स्थित शिव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात शिव बारात यात्रा का ध्वज लेकर यात्रा का शुभारंभ किया एवं श्रद्धालुओं के साथ भक्ति भाव से बारात में सम्मिलित हुए। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा विभाग बैरक बालको, बिही बाड़ी परसाभांठा, पुरानी बस्ती कोरबा (केन कॉलेज के पीछे स्थित शिव मंदिर) एवं दुरपा रोड स्थित काली मंदिर में श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा आयोजित भगवान भोलेनाथ की भव्य शिव बारात यात्रा में सम्मिलित होकर पूजन-अर्चन किया।

# केंद्रीय योजना के क्रियान्वयन में गड़बड़ी

## क्या कांट्रेक्टर पर एक्शन लेगा प्रशासन

कोरबा। ग्राम पंचायत झावर दीपक में संचालित नल-जल योजना के कार्यों में भारी गड़बड़ी और अनियमितता का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई गई है। भाजपा मंडल दीपका के उपाध्यक्ष एवं पूर्व उपसरपंच ग्राम पंचायत झावर मुकेश जायसवाल ने कलेक्टर कोरबा को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

बताया गया है कि ग्राम पंचायत झावर में नल-जल योजना के तहत नियुक्त ठेकेदार द्वारा कार्यों का सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं किया गया है। योजना के अंतर्गत किए गए निर्माण कार्यों में जल्दबाजी और लापरवाही बरती गई, जिससे कई स्थानों पर पाइपलाइन कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों को अब तक शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि कार्य के दौरान सड़कों को उखाड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया, लेकिन उनकी समुचित मरम्मत नहीं कराई गई। इससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। करीब तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी योजना का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच सका है। मुकेश जायसवाल ने कलेक्टर से मांग की है कि संबंधित विभाग से स्थलीय निरीक्षण एवं जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने पर ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ग्राम पंचायत झावर के नागरिकों को मिल सके।

# 98 केंद्रों में विद्यार्थी देंगे हाई और हायर सेकेंडरी बोर्ड की परीक्षा



कोरबा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी जिले में कर ली गई है। हाई और हायर सेकेंडरी की परीक्षा में इस वर्ष कुल 22 हजार 287 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए उनका पंजीकरण हुआ है।

कोरबा जिले के अंतर्गत बोर्ड की इन परीक्षाओं को संपन्न कराने के लिए कुल 98 केंद्र बनाए गए हैं। इनकी स्थिति कोरबा नगर, उपनगरीय क्षेत्र, बालकोनगर, जमनीपाली, कुसमुंडा सहित पांच विकासखंडों में होगी। परीक्षा को लेकर जो जानकारी डाटा सेंटर से मिली है उसके अनुसार हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 12771 विद्यार्थी शामिल होंगे। जबकि हायर सेकेंडरी परीक्षा में यह संख्या 9516 है। प्रशासन और बोर्ड के निर्देश पर संबंधित परीक्षा केंद्रों में सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। वहां के लिए केंद्राध्यक्ष और ऑब्जर्वर की नियुक्ति कर दी गई है। उन्हें इसके अनुसार परीक्षा संपन्न करानी होगी।

अधिकारी ने बताया कि दोनों ही बोर्ड परीक्षाओं के लिए समय सारिणी की घोषणा कर दी गई है। इसके हिसाब से परीक्षार्थियों को 30 मिनट पहले केंद्रों में पहुंचना होगा। पेन के अलावा कोई और सामाग्री वर्जित होगी। गणित और दूसरे प्रैक्टीकल विषय में शेड्यूल के अनुसार सहायक सामाग्री की पात्रता होगी। वहीं परीक्षा में अनुचित साधनों की उपयोग की रोकथाम के लिए आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। हालांकि शिक्षा विभाग ने उम्मीद जताई है कि विद्यार्थियों ने शिक्षा और अपने भविष्य को लेकर गंभीरता दिखाई है इसलिए अप्रिय स्थिति से बचा जाएगा।

### परीक्षा सामाग्री का किया गया वितरण

इससे पहले समन्वयक संस्था शासकीय साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल ट्रांसपोर्ट नगर से परीक्षा केंद्रों के लिए सामाग्री का वितरण सोमवार को कर दिया गया। सुबह से यहां भीड़भाड़ की स्थिति रही। तय व्यवस्था के अंतर्गत केंद्र के प्रभारी या उनके प्रतिनिधि को सामाग्री दी गई।

### युवा मोर्चा के अध्यक्ष का पाली में स्वागत

कोरबा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष वैभव शर्मा का पाली में नगर मंडल अध्यक्ष पद के दावेदारों ने स्वागत किया। यहां पर जी नितिश कश्यप, प्रकाश दुबे व नरेंद्र शर्मा दावेदार हैं। इसके अलावा विशाल मटवानी के नेतृत्व में स्वागत हुआ। कार्यक्रम दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश कौशिक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। कटघोरा में जय गर्ग, मंदिप जायसवाल व अभिलाष पांडेय भी मंडल अध्यक्ष पद के दावेदार हैं। यहां भी इन सभी कार्यकर्ताओं द्वारा वैभव शर्मा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में किशन केशरवानी, अनुराग दुलानी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। वैभव शर्मा लगातार मंडलों का दौरा कर रहे हैं। सभी स्थानों पर मंडल अध्यक्ष के दावेदार सक्रिय रहे।

### प्राचीन तालाब में निस्तार हुआ मुश्किल

कोरबा। रामपुर वार्ड अंतर्गत आने वाले प्राचीन तालाब की स्थिति बदहाल है। जलकुंभी सहित अपशिष्ट के चलते यहां से निस्तार करने में दिक्कत हो रही है।

### एसकेएमएस महामंत्री विश्वकर्मा गेवरा पहुंचे

कोरबा। एसईसीएल एसकेएमएस के महामंत्री अजय विश्वकर्मा के गेवरा पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। श्री विश्वकर्मा एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गेवरा आये हुए हैं। उनका यहां पर दीपक उपाध्याय के नेतृत्व में स्वागत हुआ। कार्यक्रम के बाद श्री शर्मा एसकेएमएस के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। दीपका क्षेत्र के विनोद यादव, अजय राठौर के द्वारा स्वागत होगा। इसी तरह कुसमुंडा क्षेत्र के अजीत सिंह, मुकेश साहू भी अजय विश्वकर्मा से मुलाकात करेंगे।

### कोसाबाड़ी मंडल की बैठक आज

कोरबा। आज भाजपा कोसाबाड़ी नगर मंडल की बैठक आज मंडल उपाध्यक्ष सविता कौशिक के निवास स्थान पर रखी गई है। इस बैठक में आगे की रणनीति पर विचार होगा। नई कार्यसमिति बनने के बाद यह पहली बैठक है। कार्यसमिति में कई नए चेहरों को शामिल किया गया है। बैठक में समस्याओं पर भी चर्चा होगी। ताकि नागरिकों को परेशानी ना हो। मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर द्वारा प्रत्येक वार्डों में जाकर नागरिकों से मुलाकात की जाती है और उन्होंने कई समस्याओं को भी दूर किया है। बैठक में मिलापराम, पुनीराम साहू, रतन महंत, गोपलाल राठिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# स्वामी भजनानंद सेवा आश्रम में विष्णु महायज्ञ के अंतिम दिन 51 कन्याओं का हुआ परिणय

कोरबा। स्वामी भजनानंद सेवा आश्रम ने दानदाताओं के सहयोग से इस वर्ष भी जनजातीय क्षेत्र की 51 से अधिक कन्याओं के हाथ पीले कराने का काम किया। सामूहिक विवाह की श्रृंखला में यह कार्य विष्णु महायज्ञ के आज अंतिम दिवस केंदई आश्रम परिसर में संपन्न हुआ। इस मौके पर विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि यजमान के तौर पर उपस्थित हुए, जिन्होंने धर्मपालक की भूमिका निभाई।



देवी संपद मंडल की ओर से बीते वर्षों में इस प्रकार के कार्यों का शुभारंभ उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों में की गई। समय के साथ इसका विस्तार हुआ। लगातार सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों ने ऐसे कार्यों से जुड़कर अपना योगदान दिया। स्मृतिशेष स्वामी भजनानंद सरस्वती और उनके बाद के समकक्षों ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया। शारदानंद सरस्वती के कालखंड में केंदई आश्रम में ऐसे अनेक कार्य कराए गए। इस वर्ष भी यह परंपरा पूरी हुई। कोरबा जिले के अलावा अन्य जिलों और प्रदेशों से वास्ता रखने वाले लोगों ने विष्णु महायज्ञ और सामूहिक विवाह में अपना योगदान दिया। सात दिन तक यज्ञ की परंपरा के बाद आज अंतिम दिवस आश्रम परिसर में सामूहिक विवाह में 51 जोड़ों को नए उत्तरदायित्व से जोड़ा गया। उन्हें संस्था की ओर से गृहस्थी की सामाग्री और धन राशि भी दी गई। पिछले वर्षों में यहां जिनका विवाह संपन्न हुआ उन जोड़ों ने भी सहयोगी के तौर पर काम किया। मोरगा, चोटिया, कोरबी, सिरमिना, लेपरा, मदनपुर, साखो, धजाक, कटघोरा, अमरकंटक, बुढ़ार, शहडोल, अनूपपुर, कोरबा और विभिन्न क्षेत्रों के सेवाभावी लोगों के सक्रिय योगदान से यह कार्यक्रम सफल रहा। भजनानंद सेवा आश्रम परिवार ने इस बड़े आयोजन की सफलता के लिए सभी का आभार जताया।

### स्वास्थ्य परीक्षण किया शिविर में

कार्यक्रम की श्रृंखला में आश्रम परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के विभिन्न स्थानों के चिकित्सकों ने अपनी उपस्थिति के साथ ग्रामीण अंचल के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इनमें अलग-अलग विभाग के चिकित्सक शामिल हुए। उनके द्वारा परीक्षण के साथ लोगों को निःशुल्क दवाएं दी गई और आवश्यक परामर्श भी दिया गया। कुछ जटिल मामलों में संबंधित ग्रामीणों का निःशुल्क ऑपरेशन और अन्य उपचार कराया जाना तय किया गया। ऐसे मरीजों को रायपुर तक लाने और सुविधाएं देने की व्यवस्था भी की जा रही है।

# बिजली उत्पादन कंपनी ने अपने हाल पर छोड़ा जूनियर क्लब को

## अव्यवस्था की स्थिति, बुकिंग कराने वाले परेशान



कोरबा। सीएसपीडीसीएल के अधीन संचालित जूनियर क्लब की व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय खिलाड़ियों और नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। क्लब परिसर में नियमित साफ-सफाई नहीं होने तथा खेल गतिविधियों में व्यवधान की शिकायतें सामने आई हैं।

जानकारी के अनुसार बैडमिंटन खेलने आने वाले युवाओं को कई बार स्वयं ही कोर्ट और आसपास की सफाई करनी पड़ती है। खिलाड़ियों का कहना है कि परिसर में धूल और गंदगी रहने से खेल प्रभावित होता है और असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा यह भी आरोप है कि कई अवसरों पर बिना पूर्व सूचना के क्लब के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया जाता है, जिससे खेलने पहुंचे लोगों को वापस लौटना पड़ता है। इस स्थिति से खिलाड़ियों में असंतोष है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित प्रबंधन से नियमित साफ-सफाई, निर्धारित समय-सारणी और क्लब संचालन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है।

### चंदाखोरों पर होगी पुलिस की कार्रवाई

कोरबा। होली त्यौहार नजदीक है। शहर में तो हालात सामान्य नजर आते हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में नाकाबंदी कर बिगड़ैलो का समूह चंदा वसूली पर ध्यान देता है। पुलिस ने कहा कि इस तरह की शिकायतें मिलने पर चंदाखोरों पर कार्यवाही करेंगे। यह काम जल्द शुरू होगा।

आवश्यकता है
कोरबा में अनुभवी कार ड्रायवर की शीघ्र आवश्यकता है।
// संपर्क करे //
मो. 9826389894







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com